Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

# दैनिक वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 48 | बुधवार , 18 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम मोदी का युवाओं को संदेश

# एआई से डरो मत, सही Skill से Future World पर करोगे राज



नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सही कौशल और तैयारी के साथ, हमारे युवा भविष्य के कार्यक्षेत्र का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि एआई एक 'शक्ति गुणक' है जो संभावनाओं की सीमाओं को और आगे बढ़ाने में मदद करेगा, जिससे डॉक्टर, वकील और शिक्षक भी लोगों के बड़े समूहों तक पहुँचने और उनकी मदद करने में सक्षम होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के कारण रोजगार बाजार में संभावित व्यवधानों को लेकर युवाओं की आशंकाओं और चिंताओं को दूर करते हुए कहा कि केंद्र सरकार इसे भविष्य की समस्या के बजाय ₹वर्तमान की आवश्यकता₹ के रूप में देख रही है। एएनआई को दिए एक विशेष साक्षात्कार में पीएम मोदी ने कहा कि मैं रोजगार बाजार में एआई-प्रेरित व्यवधानों को लेकर हमारे युवाओं की चिंताओं को समझता हूं। भय का सबसे अच्छा इलाज तैयारी है।इसीलिए हम एआई-चालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कौशल प्रदान करने और उन्हें नए कौशल सिखाने में निवेश कर रहे हैं। सरकार ने दुनिया की सबसे महत्वाकांक्षी कौशल विकास पहलों में से एक शुरू की है। हम इसे भविष्य की समस्या के रूप में नहीं, बल्कि वर्तमान की आवश्यकता के रूप में देख रहे हैं। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है ! और कीमत बहुत सस्ती है प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सही कौशल और तैयारी के साथ, हमारे युवा भविष्य के कार्यक्षेत्र का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि एआई एक ₹शक्ति गुणक₹ है जो संभावनाओं की सीमाओं को और आगे बढ़ाने में मदद करेगा, जिससे डॉक्टर, वकील और शिक्षक भी लोगों के बड़े समूहों तक पहुँचने और उनकी मदद करने में सक्षम होंगे। इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण काम खत्म नहीं होता। इसका स्वरूप बदलता है और नए प्रकार के रोजगार सृजित होते हैं। कुछ रोजगारों की परिभाषा बदल सकती है, लेकिन डिजिटल परिवर्तन भारत की अर्थव्यवस्था में नए तकनीकी रोजगार भी जोड़ेगा। सदियों से यह आशंका रही है कि नवाचार और तकनीकी क्रांतियाँ रोजगारों को समाप्त कर देंगी।

फिर भी इतिहास हमें सिखाता है कि जब भी नवाचार होता है, नए अवसर उत्पन्न होते हैं। एआई के युग में भी यही सच होगा।

## यूएस ने 24 घंटे में पश्चिम एशिया भेजे 50 से ज्यादा लड़ाकू विमान



नई दिल्ली।

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार गहराता जा रहा है। दोनों देशों के बीच जिनेवा में बातचीत भी जारी है, लेकिन इसके बाद भी तनाव बना हुआ है। अब अमेरिका ने ईरान में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ा दी है तो ईरान के सर्वोच्च नेता ने भी अमेरिका को धमकी दी है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव गहराता जा रहा है। पहले खबर आई कि अमेरिका ने अपने दो युद्धपोत पश्चिम एशिया में तैनात किए हैं। जिसके बाद आशंका हुई कि अमेरिका, ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अब खबर आई है कि अमेरिका ने बीते 24 घंटे में 50 से ज्यादा लड़ाकू विमान पश्चिम एशिया भेजे हैं। इसे अमेरिका द्वारा ईरान के आसपास अपनी नौसैन्य और वायु सेना की तैनाती बढ़ाने के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी सेना को धमकी दी है कि दुनिया की सबसे ताकतवर सेना पर भी ऐसा हमला होगा कि वे दोबारा उठ नहीं पाएंगे।

## भारत और फ्रांस संबंधों को मिली हिमालय की चोटियों तक की उड़ान, मैक्रों के दौरे पर हुए कई बड़े एलान



**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस मिलकर माउंट एवरेस्ट की ऊंचाइयों तक उड़ान भरने वाला, विश्व का एकमात्र हेलीकॉप्टर भारत में बनाएंगे और उसे पूरी दुनिया को निर्यात करेंगे।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में यह घोषणा की और इससे दोनों देशों के बीच दिनों-दिन गहरे होता जा रहे रणनीतिक संबंधों को भली-भांति रेखांकित कर दिया और कहा कि भारत में हेलीकॉप्टर असेंबली लाइन का उद्घाटन दोनों देशों के बीच गहरे विश्वास का उज्ज्वल उदाहरण है। मोदी और मैक्रों की अध्यक्षता में मुंबई में भारत व फ्रांस की उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच 20 तरह के समझौतों पर हस्ताक्षर हुए या कार्यक्रमों की घोषणाएं हुई। इसमें एक समझौता भारतीय कंपनी बीईएल और फ्रांसीसी कंपनी सैफ्रों के बीच भारत में हैमर मिसाइल बनाने को लेकर भी है।

> मोदी और मैक्रों की अध्यक्षता में मुंबई में भारत व फ्रांस की उच्चस्तरीय बैठक हुई।

## यूपीआई की तरह विभिन्न सेक्टर के एआई मॉडल ला रहा भारत, 200 अरब डॉलर का होगा निवेश



नई दिल्ली।

देश के साथ पूरी दुनिया को मुफ्त में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) से जुड़े विभिन्न सोल्यूशन भारत मुहैया कराने जा रहा है। नई दिल्ली में आयोजित दुनिया के सबसे बड़े एआइ इंपैक्ट समिट 2026 में मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि हम जल्द ही एआई मिशन 2.0 लांच करने जा रहा हैं। इसमें कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्किलग, एमएसएमई जैसे कई सेक्टर के मॉडल होंगे और भारत की विभिन्न भाषाओं में होंगे। आगे कहा कि यह 'बुके' यूपीआइ प्लेटफार्म की तरह होगा जिन पर सारे सोल्यूशन उपलब्ध होंगे और जरूरत के हिसाब से उनका इस्तेमाल किया जा सकेगा। हमारा उद्देश्य है कि छोटे उद्यमियों के साथ किसान, छात्र, महिला, युवा सभी को उनकी जरूरत के मुताबिक एआई की सुविधा मुफ्त में मिल सके। भारत का यह माडल भरोसेमंद होगा। वैष्णव ने भारत मंडपम में वेब्स क्रिएटर्स कॉर्नर का भी उद्घाटन किया। एआइ के सकारात्मक उपयोग को लेकर सहमति बनाने की कोशिश वैष्णव ने बताया कि एआइ के सेक्टर में अगले दो वर्षों में 200 अरब डालर का निवेश भी होने जा रहा है। अब तक स्टार्ट अप्स में 70 अरब डालर का निवेश हो चुका है। उन्होंने कहा कि समिट में भारत यह भी प्रयास कर रहा है कि दुनिया के सभी देशों के बीच एआइ के सकारात्मक इस्तेमाल को लेकर सहमति बनाई जाए। भारत इस दिशा में अपना प्रयास शुरू कर चुका है और पिछले दो दिनों में ढाई लाख से अधिक बच्चों ने इस बात की शपथ ली है कि वे एआइ का गलत इस्तेमाल नहीं करेंगे।

## चांदी की कीमतों में 2700 रुपये का उछाल, सोना 1.53 लाख रुपये पर पहुंचा



नई दिल्ली।

सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली। चांदी 2700 रुपये महंगा हुआ, वहीं सोना 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा। जानिए आज का अपडेट। सोने-चांदी की कीमतों में बुधवार को तेजी देखने को मिली। बुलियन की दरों के अनुसार चांदी की कीमत 2700 रुपये बढ़कर 2.33 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोना 960 रुपये की तेजी के साथ 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एमसीक्स पर चांदी की कीमत 8000 रुपये गिरकर 2.59 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं सोने का भाव 3111 रुपये गिरकर 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में लूनर न्यू ईयर की छुट्टियों के कारण कम कारोबार के बीच कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा। एशियाई कारोबार के दौरान स्पॉट गोल्ड की कीमत करीब 4,901 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही थी, जबकि स्पॉट सिल्वर में 1% से अधिक की गिरावट के साथ यह 72.30 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

## टी20 विश्वकप में सुपर-8 की तस्वीर साफ कर देंगे आज के मुकाबले, भारत के अलावा पाकिस्तान के मैच पर भी नजर



नई दिल्ली।

टी20 विश्व कप में आज तीन अहम मुकाबले खेले जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड पहले ही सुपर 8 में पहुंच चुके हैं, जबकि पाकिस्तान के लिए नामीबिया के खिलाफ मैच निर्णायक है। भारत भी नीदरलैंड से भिड़ेगा। आज के नतीजों से सुपर 8 की तस्वीर और स्पष्ट होगी। टी20 विश्वकप में आज ग्रुप ए की चार और ग्रुप डी की दो टीमें मैदान में उतरेंगी। दिन की शुरूआत ग्रुप डी के मुकाबले से होगी, जबकि शाम को मेजबान भारत का मैच खेला जाएगा। सुपर-आठ चरण की तस्वीर काफी हद तक साफ हो चुकी है, लेकिन कुछ टीमों के लिए आज का दिन निर्णायक साबित हो सकता है। पहला मुकाबला सुबह 11:00 बजे दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात के बीच खेला जाएगा।

## तमिलनाडु

## वेल्लोर में शोभा यात्रा के दौरान गिरा 60 फीट ऊंचा रथ, 7 लोग घायल



नई दिल्ली।

तमिलनाडु में मंदिर के जुलूस के दौरान 60 फुट ऊंची रथ गिरने से करीब सात लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वेल्लोर जिले में पलार नदी के किनारे सालाना मायना कोल्लई फेस्टिवल के दौरान कई भक्त घायल हो गए। घायलों को अदुक्कमपराई के सरकारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। यह घटना आधी रात के आसपास हुई जब कटपडी के पास काझिंजुर से रथ को रस्मी जुलूस के बाद नदी के किनारे से सड़क पर खींचा जा रहा था। खबर है कि रथ का बैलेंस बिगड़ गया और वह एक तरफ झुक गया। इसके बाद करीब 10 लोग उसमें फंस गए। पुलिस और आम लोग तुरंत बचाव के लिए आए और फंसे हुए लोगों की मदद की, और गंभीर रूप से घायल लोगों को सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया। जिला कलेक्टर सुब्बुलक्ष्मी, पुलिस सुपरिटेंडेंट शिवरामन और रेवेन्यू डिविजनल ऑफिसर सेंथिल कुमार ने मौके पर जाकर जांच की। इसके बाद में कलेक्टर ने हॉस्पिटल में घायल लोगों से मुलाकात की और उनकी हालत के बारे में पूछा। हादसे की जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं और फेस्टिवल ऑर्गनाइजर को यह पक्का करने के लिए कहा गया है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

पंजीकृत हैं। प्रदेश के 20 परीक्षा केंद्रों पर पहली बार जैमर लगाया गया है।

# हिंदी के पेपर के साथ बोर्ड एग्जाम आज से शुरू



प्रयागराज।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटमीडिएट परीक्षा-2026 की शुरूआत बुधवार से हिंदी विषय के प्रश्नपत्र से शुरू हो गई है। नकलविहीन और शुचितापूर्ण परीक्षा के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम में पूरी परीक्षा के दौरान 24 घंटे सभी 8033 केंद्रों के स्ट्रांग रूमों की आनलाइन निगरानी कराई जा रही है। परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। पहली पाली में सुबह 8.30 से 11.45 बजे तक हाईस्कूल की हिंदी व प्रारंभिक हिंदी विषय की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी पाली में दोहपर 2.00 बजे से शाम 5.15 बजे तक इंटरमीडिएट की हिंदी व सामान्य हिंदी की परीक्षा कराई जाएगी। यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बताया कि 18 संवेदन जिलों, 222 अति संवेदनशील व 683 संवेदनशील परीक्षा केंद्रों के सूची एसटीएफ, एलआयू को सौंपी गई है, जहां विशेष निगरानी की व्यवस्था है। इन केंद्रों का प्रत्येक पाली में दो बार निरीक्षण करने टीम भी पहुंचेगी। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम के साथ सभी पांच क्षेत्रीय कार्यालयों तथा 75 जनपद मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से स्ट्रांग रूमों के साथ-साथ परीक्षा की भी आनलाइन निगरानी कराई जाएगी। परीक्षार्थियों को प्रत्येक पेज पर अपना अनुक्रमांक अंकित करना होगा। जेल में निरुद्ध 176 कैदी हाईस्कूल व 184 कैदी इंटरमीडिएट की परीक्षा जेल में बने आठ केंद्रों पर परीक्षा देंगे।

## संपादक की कलम से

# एआई का महाकुंभ

अब यह समय और दौर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का है। आगामी तीन सालों में एआई का विस्तार हजार गुना होगा और जिंदगी बिल्कुल बदल जाएगी। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, परिवहन, प्रशासन और नीति-निर्माण, इतिहास, संस्कृति, विज्ञान से लेकर आम आदमी और कर्मचारी तक एआई का दखल होगा और ये क्षेत्र एआई से ही संचालित होंगे। भारत एआई के बड़े और स्थापित देशों की रेस में शामिल नहीं है, लेकिन एआई की प्रतिभाएं देश में 33 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। करीब 69 फीसदी कंपनियां इस साल एआई में निवेश बढ़ाएंगी और 80 फीसदी कंपनियां इस नए हुनर को प्राथमिकता दे रही हैं। करीब 92 फीसदी कर्मचारी एआई का इस्तेमाल भी कर रहे हैं। भारत में एआई के तीन आधिकारिक सूत्र घोषित किए गए हैं-लोग (पीपल), ग्रह (प्लैनेट), प्रगति (प्रोग्रेस)। यकीनन इनमें नैतिकता और मानवता का भाव अधिक है। लिहाजा राजधानी दिल्ली में एआई का जो पांच दिवसीय शिखर सम्मेलन सजा है, उसका महत्व महाकुंभ सरीखा है। इस महाकुंभ में 100 से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ, 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 135 देशों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। 20 फरवरी तक 3250 से अधिक वक्ता बोलेंगे और करीब 500 सत्र आयोजित किए जाएंगे। किसी नई प्रौद्योगिकी पर विमर्श और चिंतन-मनन के लिए यह सर्वोच्च मंच है, लिहाजा महाकुंभ जैसा महत्व है। सभी हिस्सेदार, भागीदार व्यक्ति या देश एआई के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे और एक पथ तय करेंगे कि एआई किस तरह मानवोपयोगी साबित हो सकती है। इतनी व्यापक चर्चा तब भी नहीं हुई, जब कम्प्यूटर हमारे बीच आया था और देश भय, खौफ में थे कि यह मानव का विकल्प साबित हो सकता है। ऐसा नहीं हुआ और आज कम्प्यूटर हमारे कामकाज का बुनियादी हथियार है। बहरहाल ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया (सोल), फ्रांस (पेरिस) के बाद एआई का यह शिखर सम्मेलन भारत की राजधानी दिल्ली में जारी है। करीब 3 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है। दरअसल बुनियादी चिंता एआई चिप्स, रोजगार और परिवर्तन के बाद की दुनिया को लेकर है। भारत में एआई को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से जोड़ा जा रहा है, क्योंकि इससे मुंह के कैंसर की 86 फीसदी तक सटीक पहचान हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में आईआईटी, मद्रास 100 से अधिक भारतीय बोलियों (अवधी, ब्रज, हरियाणवी) पर काम कर रहा है। मकसद है कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को उनकी स्थानीय बोली-भाषा में ही शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। आईआईटी, रोपड़ ने एआई आधारित ऑटोमैटिक मौसम स्टेशन तैयार किया है। इन्हें हजारों खेतों-गांवों में लगाया जा सकता है। करीब 15,000 रुपए की कीमत वाला यह उपकरण सिंचाई, फसल योजना और कीट-नियंत्रण आदि की सटीक सलाह देगा। बिहार और उप्र में इसका पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा है। एआई के क्षेत्र में हमने 5 बड़े कदम उठाए हैं, जो निर्णायक साबित हो रहे हैं। सर्वम एआई, परम-2, ज्ञानी, सॉकेट और गान-ये पांच बड़े प्रयास किए गए हैं। इनके जरिए हमारी सभ्यता, संस्कृति, इतिहास के प्राचीन अतीत को भी खंगाला जा सकता है और हम देख भी सकते हैं। फिर भी अमरीका और चीन की तुलना में भारत में एआई अभी शिशु अवस्था में है। इसकी उन्नत और विकसित चिप, जिसे जीपीयू कहते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

उदय किशोर साह



## वो दौलत है जग में हराम

कविता

वो दौलत जग में है हराम
जो ना आये मानवता के काम
धन संचय को करो नाकाम
शोषण का हो अंत सरे आम

चैन से कोई महल में है सोता
कोई फुटपाथ पे बैठ कर रोता
कोई खा खाकर होता है बीमार
कहीं भूख से तड़प रहा परिवार

कहीं दौलत सर दर्द बन आई
कहीं दौलत बिन ईलाज ना पाई
ये कैसी व्यवस्था है जग में भाई
दौलत से ही दौलत की कमाई

अमीरी गरीबी बीच बढ़ गई खाई
नीच ऊँच की हो रही है लड़ाई
दौलत ने भेद भाव संमाज बनाई
वैमनस्यता की बीज ये अंकुराई

अर्थ अभाव में भूखे बालक रोता
रईसजादा कहीं आराम से सोता
पेट की आग गरीबों के घर आई
किस्मत की ये खेल है मेरे भाई

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# 3 कदम उठाने भर से मच जाएगी तबाही, कैसे तीन बीघा कॉरिडोर, फरक्का समझौते में फंसा बांग्लादेश?



अगर भारत की तरफ आंख उठाने की बांग्लादेश ने कोशिश भी की तो बिना मारे बांग्लादेश में तबाही आ जाएगी। क्योंकि भारत ने अगर तीन बीघा कॉरिडोर या तीन बीघा जो गलियारा है उसको लेकर कदम उठा लिया तो यूनुस छटपटा जाएंगे। आखिर ये तीन बीघा कॉरिडोर क्या है जिसको लेकर बांग्लादेश की नब्ज कहा जा रहा है कि पूरी तरह से भारत के हाथों में है।

कारोबार, मददगार, साझेदार, ये तीन शब्द भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों को परिभाषित करते थे। हालांकि, 2024 के मध्य और खासतौर पर 2025 की शुरूआत से बने हालात अब तनावपूर्ण संबंधों का नया अध्याय लिखते नजर आ रहे हैं। बांग्लादेश जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहा है वो यह ना भूलले कि मोहम्मद यूनुस की गर्दन पूरी तरह से भारत के पंजे में है। अगर भारत की तरफ आंख उठाने की बांग्लादेश ने कोशिश भी की तो बिना मारे बांग्लादेश में तबाही आ जाएगी। क्योंकि भारत ने अगर तीन बीघा कॉरिडोर या तीन बीघा जो गलियारा है उसको लेकर कदम उठा लिया तो यूनुस छटपटा जाएंगे। आखिर ये तीन बीघा कॉरिडोर क्या है जिसको लेकर बांग्लादेश की नब्ज कहा जा रहा है कि पूरी तरह से भारत के हाथों में है।

**मोदी सरकार संधि पर लेगी बड़ा फैसला?**

दरअसल, 12 फरवरी को हुए चुनाव के बाद जब बांग्लादेश में नई सरकार सत्ता में आएगी, तो उसे जिन प्रमुख मुद्दों का समाधान करना होगा, उनमें से एक है भारत के साथ फरक्का जल बंटवारे की संधि का नवीनीकरण, जो 2026 में समाप्त हो रही है और जिसमें स्वतः विस्तार का कोई प्रावधान नहीं है, जिसके कारण नए सिरे से बातचीत करना आवश्यक हो जाएगा। फरक्का में गंगा जल के बंटवारे पर पहला समझौता 7 नवंबर, 1977 को ढाका में हस्ताक्षरित किया गया था। इस संधि से कुछ ही महीने पहले, मार्च में मोरारजी देसाई ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया था, जबकि उसी वर्ष अप्रैल में मेजर जनरल जियाउर रहमान बांग्लादेश के राष्ट्रपति बने थे। फिर, जब 12 दिसंबर, 1996 को दूसरे समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, तब भारत के प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और बांग्लादेश की शेख हसीना को पद संभाले हुए केवल छह महीने ही हुए थे। दोनों नेताओं ने जून में अपने-अपने पदभार ग्रहण किए थे।

बैराज में दो जगह पानी जाती है। एक तो गंगा में पानी जाती है जो कि बांग्लादेश में चली जाती है। दूसरा हुबली में पानी आती है। समझौते के तहत अगर 75000 क्यूसेक से ज्यादा पानी है तो 45000 क्यूसेक भारत रखेगा और बाकी बांग्लादेश को दे देगा। अगर 75000 क्यूसेक से कम है 70 से 75000 के बीच में है तो 35000 क्यूसेक भारत रखेगा और बाकी बांग्लादेश को दे देगा। और अगर 70 या 73000 क्यूसेक से भी कम है तो भारत 3000 क्यूसेक रखेगा और बाकी पड़ोसी को देगा। कुल मिलाकर कहे तो भारत को कम से कम 30 से 35000 क्यूसेक जल की आवश्यकता है वो रख के बाकी बांग्लादेश को दे देगा इसलिए ये बैराज बनाया था। अब ये समझौते की मियाद 2026 में खत्म हो रही है। इस बार, भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक स्थिर और दीर्घकालिक सरकार है, जबकि बांग्लादेश लगभग 17 महीनों की अस्थिरता के बाद लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार की स्थापना की ओर अग्रसर है। यह देखना बाकी है कि क्या संधि का आपसी सहमति से, या कुछ सुधारों के साथ नवीनीकरण किया जाता है, या यदि ढाका भारत को अस्थिर करने की इच्छा रखने वाले कुछ अंतरराष्ट्रीय तत्वों के इशारों पर चलता रहता है तो नई दिल्ली कड़ा रुख अपनाती है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए, नई दिल्ली देश और उसके लोगों की सुरक्षा और अखंडता की रक्षा के लिए कार्रवाई करने में संकोच नहीं कर सकती है। संयोगवश, पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को लगातार समर्थन देने के कारण, जिसमें हाल ही में अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुआ घातक आतंकी हमला भी शामिल है, भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। यह निर्णय भारत की संप्रभुता की रक्षा और पाकिस्तान की कार्रवाइयों के खिलाफ जवाबी उपायों के व्यापक पैकेज का हिस्सा था, जिसमें आतंकी लॉन्चपैडों पर सीमा पार सटीक हमले भी शामिल थे। बांग्लादेश की 30% खेती इसी पानी पर निर्भर बांग्लादेश की 30% खेती इसी पानी पर निर्भर है। अगर ऐसा हुआ तो बांग्लादेश के एक बड़े हिस्से में सुखाड़ की स्थिति पैदा हो जाएगी और वहां खेतीबाड़ी सारी चौपट हो जाएगी। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत से उसके रिश्ते बिगड़े हुए हैं। ऐसे में उसे डर है कि अगर भारत ने इस समझौते को रिन्यू नहीं किया तो उसकी एक तिहाई आबादी प्यासी मर जाएगी और खेती बिल्कुल चौपट हो जाएगी। यही वजह है कि वह अब अपनी गरीबी का रोना रोते हुए भारत के आगे नाक रगड़ रहा।


**3 बीघा गलियारा क्या है जो दे सकता है सबसे बड़ी चोट**

बांग्लादेश के दहाग्राम और अंगारपोर्टा एन्क्लेव के संबंध में 1974 के एलबीए के अनुच्छेद 1(14) में तीन बीघा के पास 178 मीटर ७ 85 मीटर के इलाके को स्थायी रूप से पट्टे पर देकर इन एन्क्लेव तक पहुंच का प्रावधान है। इसे 7 अक्टूबर, 1982 को भारत के तत्कालीन विदेश मंत्री और बांग्लादेश के तत्कालीन विदेश मंत्री के बीच और 26 मार्च, 1992 को भारत के विदेश सचिव और बांग्लादेश के अतिरिक्त विदेश सचिव के जरिए लागू किया गया था। यह पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में स्थित है। बांग्लादेशी नागरिक बिना वीजा/पासपोर्ट के भारतीय जमीन से होकर गुजरते हैं। 2015 में जब मोदी सरकार आई तो इन्होंने आपस में एक्सचेंज कर लिया। बोला कि ऐसा ठीक नहीं लगता कि बांग्लादेश के बीचों-बीच भारत के कुछ सीमा है तो एक्सचेंज कर दिया। लेकिन एक जगह ऐसी है जिसको कहते हैं दाहा ग्राम अंगार कोटा इनक्लेव हम इसकी आबादी बहुत बड़ी मतलब बहुत बड़ा ये इनक्लेव है क्षेत्रफल काफी ज्यादा है और आबादी 21000 परिवार वहां पर है। भारत चाहे तो अपनी जमीन वापस ले सकता है, इसमें कोई अंतरराष्ट्रीय बाध्यता नहीं है। ये पूर्ण रूप से भारत की उदारता पर निर्भर है।

# मेकअप में चाहिए नयापन? ये 3 लिपस्टिक शेड्स हर भारतीय स्किन टोन पर देंगे परफेक्ट लुक

मेकअप प्रेमियों के लिए, यह लेख हर स्किन टोन पर खिलने वाले तीन लेटेस्ट लिपस्टिक शेड्स का विश्लेषण प्रस्तुत करता है, जो आपके लुक को निखारेंगे। ब्राउन, चेरी रेड और मॉव कलर लिपस्टिक के फायदे बताते हुए, यह बताता है कि कैसे सही शेड का चुनाव मेकअप को आकर्षक बना सकता है। अगर आपको मेकअप करना बेहद पसंद है और आप हमेशा से मेकअप के नए-नए प्रोडक्ट ट्राई करते रहते हैं तो ये लेख आप के लिए है। आमतौर पर महिलाओं को मेकअप करना खूब पसंद होता है, ऐसे में वे अक्सर मेकअप प्रोडक्ट खरीदती रहती हैं।

महिलाओं की रोजमर्रा लाइफ में लिपस्टिक की खास अहमियत है। लिपस्टिक के बिना मेकअप अधूरा है, लिपस्टिक ही मेकअप की जान है। अगर आप अपने स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक का चयन करना चाहिए। अक्सर होता है कि हम गलत कलर का चूज कर लेते हैं। इस बार आप ऐसे सही शेड्स का



चूज करेंगे, तो आपका मेकअप भी खूबसूरत नजर आएगा। इस लेख में हम आपको बताएंगे ऐसे लिपस्टिक शेड्स के बारे में, जो हर स्किन टोन पर लगा सकते हैं।

**ब्राउन शेड लिपस्टिक करें अप्लाई**

ब्राउन लिपस्टिक शेड्स हमेशा ट्रेड में रहता है और यह हर स्किन टोन पर सूट भी करता है। यह आपके लुक को काफी निखारता है। यदि आपके लिप्स ज्यादा ही ड्राई रहते हैं, तो ऐसे में आप ग्लॉसी लिपस्टिक को ट्राई करें। आप चाहे तो मैट लिपस्टिक भी अप्लाई कर सकते हैं।

**चेरी रेड लिपस्टिक करें अप्लाई**

अगर आप अपने मेकअप लुक को बोल्ड टच देना चाहते हैं, तो ऐसे में आप डार्क कलर लिपस्टिक लगाने की सोचते होंगे। इसकी जगह आप चेरी रेड लिपस्टिक को ट्राई कर सकते हैं। चेरी रेड कलर की लिपस्टिक हर स्किन टोन पर अच्छी लगती है। इसके साथ ही इससे लुक भी सुंदर नजर आता है। इस तरह की लिपस्टिक को आप चाहें तो ग्लॉसी या मैट दोनों में ले सकते हैं।

**मॉव कलर लिपस्टिक करें अप्लाई**

यदि आपको न्यूड शेड ज्यादा पसंद है, तो आप ऐसे में मॉव कलर लिपस्टिक को अप्लाई कर सकते हैं, इससे आपका लुक भी अट्रैक्टिव दिखेगा। इससे आपका लुक बेहद शानदार दिखाई देगा। इस तरह के मॉव कलर वाली लिपस्टिक आपको मैट और ग्लॉसी दोनों मिल जाएगी, यह आपके मेकअप लुक को भी काफी अट्रैक्टिव बनाएगा।

# पीसीओडी में करना है वेट लॉस, तो डाइट में शामिल करें ये इवनिंग स्नैक्स

शाम के समय अगर आपको हल्की भूख लग रही है तो ऐसे में मुट्ठीभर भुना हुआ चना खा सकती हैं। इसमें मौजूद प्रोटीन ना केवल क्रेविंग को कम करता है, बल्कि इससे ब्लड शुगर भी स्टेबल रहता है और ऐसे में फैट स्टोरेज कम होता है। साथ ही साथ, इससे आपको बहुत ज्यादा भूख भी नहीं लगती है। पीसीओडी में वेट लॉस करना काफी मुश्किल होता है और इसमें सबसे बड़ी बाधा होती है इवनिंग स्नैक्स। शाम के समय हमेशा कुछ उल्टा-सीधा खाने का मन करता है और ऐसे में पूरी डाइट खराब हो जाती है। कभी हम चाय के साथ बिस्किट खा लेते हैं तो कभी नमकीन और फिर हमें बाद में गिल्ट होता है। हो सकता है कि आप भी इसी चक्र में फंसी हुई हो, लेकिन आपको वास्तव में परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आप अपने इवनिंग स्नैक्स को थोड़ा स्मार्टली चुनें तो ऐसे में आपको अपने टेस्ट के साथ भी कोई समझौता नहीं करना पड़ेगा और आप अपनी हेल्थ का ख्याल भी रख पाएंगे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही इवनिंग स्नैक्स के बारे में बता रहे हैं, जो पीसीओडी में



अच्छा ऑप्शन साबित हो सकते हैं- शाम के समय अगर आपको हल्की भूख लग रही है तो ऐसे में मुट्ठीभर भुना हुआ चना खा सकती हैं। इसमें मौजूद प्रोटीन ना केवल क्रेविंग को कम करता है, बल्कि इससे ब्लड शुगर भी स्टेबल रहता है और ऐसे में फैट स्टोरेज कम होता है। साथ ही साथ, इससे आपको बहुत ज्यादा भूख भी नहीं लगती है।

**पनीर वेज बाउल**

पनीर को हार्मोन बैलेंस के लिए कए अच्छा प्रोटीन माना जाता है। आप लगभग 50-70 ग्राम पनीर और खीरा व टमाटर से एक अच्छा बाउल तैयार करें। इससे पेट देर तक भरा रहता है। अगर आप इन दिनों वेट लॉस पर हैं तो ऐसे में आप लो फैट पनीर का इस्तेमाल करें।

**स्प्राउट्स चाट**

शाम के समय स्प्राउट्स की चाट खाना भी अच्छा विचार माना जाता है। इसके लिए आप स्प्राउट्स मूंग में नमक व नींबू डालकर मिक्स करें। इसमें मौजूद फाइबर डाइजेशन को बेहतर बनाता है। साथ ही साथ, अगर आपको पीसीओडी में कब्ज की शिकायत रहती है तो इसमें भी आपको फायदा मिलता है। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि आप इसे शाम में ही खाएं, रात में नहीं।

# सर्दियों की ठिठुरन मिटाएं: भारत की ये 5 गर्माहट भरी जगहें बनेंगी परफेक्ट विंटर गेटव

सर्दियों के मौसम में सुबह उठते ही रजाई छोड़ने का मन नहीं करता और नहाने का नाम लेते ही कंपकंपी शुरू हो जाती है। यदि आप भी इस कड़ाके की ठंड से बचना चाहते हैं, तो किसी शानदार बीच वैकेशन पर जाना बेहतरीन विकल्प हो सकता है। आप भी इन बीच प्लेसेस पर जरुर घूमने जा सकते हैं। सर्दियों के मौसम में सुबह उठते ही रजाई छोड़ने का मन बिल्कुल भी नहीं करता है। नहाने के नाम से कंपकंपी शुरू हो जाती है। अगर आप भी ठिठुरन वाली सर्दी से बचना चाहते हैं, तो आप शानदार बीच वैकेशन पर जा सकते हैं। आने वाले दिनों में उत्तर भारत में ठंड का ऐसा कहर देखने को मिलेगा किह कि सूरज देवता भी कोहरे की चादर ओढ़कर सो रहे होंगे। चार-चार स्वेटर पहनने के बाद भी जब ठंड हड्डियों तक पहुंचने लगे, तो समझ आता है कि सर्दी अपने चरम पर है। ऐसे में आपके मन में एक ही सवाल आता है कि काश कही थोडी धूप और हल्की गर्माहट मिल जाए। ऐसे में आप सर्दी में विटामिन डी यानी भरपूर धूप लेने के लिए समुद्र



की लहरों में छुट्टियां बिता सकते हैं। इस लेख में हम आपको 5 ऐसी जादुई जगहों के बारे में बताएंगे, जहां पर आप सर्दी में छुट्टी मनाने के लिए जा सकते हैं।

**गोवा**

सर्दियों में धूप का नाम लिया जाए और गोवा का ख्याल न आए, ऐसा हो ही नहीं सकता। जब बाकी देश स्वेटर में ठिठुर रहा होता है, तब गोवा में लोग टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहनकर समुद्र किनारे मजे कर रहे होते हैं। दिसंबर और जनवरी में यहां का मौसम न तो बहुत गर्म होता है और न ही ठंडा बिल्कुल परफेक्ट होता है। ठंडी ड्रिंक्स के साथ सनबाथ लेने का मजा ही कुछ और है।

**पुडुचेरी**

अगर आप शोर-शराबे से दूर जाना चाहते हैं, तो पुडुचेरी जरुर जाएं। यहां की फ्रेंच वास्कुला, रंग-बिरंगे घर और खूबसूरत समुद्र तट आपको एकदम हटके फील कराएंगे। पुडुचेरी का मौसम इतना प्यारा है कि आप आराम से साइकिल चलाकर पूरा शहर घूम सकते हैं। इधर आप फ्रेंच कैफे में बैठकर फ्रेच खाने का मजा ले सकते हैं।

**अंडमान और निकोबार**

यदि आपका बजट जबरदस्त है, तो आप अंडमान और निकोबार घूमने जा सकते हैं। यहां का नीला पानी और सफेद रेत आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। यहां आप स्कूबा डाइविंग जैसे वॉटर स्पोर्ट्स का मजा ले सकते हैं। अंडमान और निकोबार में पानी के अंदर की दुनिया देखने के लिए सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। इस मौसम में यहां का पानी एकदम साफ और शांत नजर आता है।

**गोकर्ण, कर्नाटक**

अगर आप गोवा नहीं जाना चाहते हैं, तो इस ऑफबीट जगह पर जरुर जाएं। भीड़भाड़ से दूर गोकर्ण एक छिपा हुआ खजाना है। यहां के ओम बीच और कुडल बीच बेहद ही शांत और साफ है। इसके अलावा, आप यहां पर मंदिर के दर्शन के साथ ही समुद्र की लहरों का आनंद ले सकते हैं। यहां पर आप डूबते हुए सूरज देखने का नजारा का आनंद ले सकते हैं।

**केरल**

केरल को' कहा जाता है। यहां की हरियाली और बैकवाटर्स सर्दियों में और भी खूबसूरत हो जाते हैं। यहां पर आप मुन्नार के चाय बागनों में घूम सकते हैं या अल्लेप्पी में हाउसबोट पर रहकर पानी के बीच सुकून के पल बिता सकते हैं। यहां पर आपको नॉर्मल मौसम मिलेगा, क्योंकि यहां ठंड नहीं पड़ती, बल्कि हल्की-मीठी सी ठंडक होती है, जो काफी सुकून पहुंचाती है।

# प्रीमियर लॉ बैडमिंटन लीग सीजन 2 का सफल समापन, कोर्टरूम स्मैशर्स ने जीता खिताब

वेलकम इंडिया




**मथुरा**/नई दिल्लीः प्रीमियर लॉ बैडमिंटन लीग सीजन 2 का समापन भव्य और ऊजार्वान तरीके से हुआ, जिसने कानूनी पेशे से जुड़े सदस्यों को दो दिनों की प्रतिस्पर्धात्मक भावना, एकता और खेल कौशल के लिए एक साथ लाया गया । विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा समर्थित और शीर्ष प्रायोजक जिंदल स्टील द्वारा संचालित इस लीग ने भारत के कानूनी समुदाय के भीतर फिटनेस और सहयोग की बढ़ती संस्कृति को मजबूत किया है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल और प्रमुख उद्योगपति नवीन जिंदल ने शिरकत की। उनकी उपस्थिति ने अवसर की गरिमा को बढ़ाया और प्रतिभागियों को पेशेवर प्रतिबद्धताओं से परे कल्याण और टीम वर्क को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। टूनार्मेंट में आठ प्रतिस्पर्धी टीमों ने भाग लिया, जिनमें से प्रत्येक ने कानूनी समहू के प्रतिष्ठित सदस्यों का प्रतिनिधित्व किया। टीमों में बेंच ब्रेकर्स, लॉ शटलर्स, कोर्टरूम स्मैशर्स, बैडमिंटन बैरिस्टर्स, नेट नोटिस, लीगल ऐसेस, लिटिगेशन लीजेंड्स और वर्डिक्ट स्क्वाड शामिल थीं। टूनार्मेंट का मुख्य आकर्षण नेट नोटिस और कोर्टरूम स्मैशर्स के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबला रहा। एक रोमांचक और उच्च तीव्रता वाले मैच के बाद, टीम कोर्टरूम स्मैशर्स, जिसके मालिक प्रतिष्ठित अधिवक्ता सार्थक चतुवेर्दी हैं, जो राष्ट्रीय एंटी डोपिंग अनुशासनिक पैनल के अध्यक्ष भी हैं, ने विजयी होकर सीजन 2 की ट्रॉफी अपने नाम की। उनकी जीत न केवल टीम के लिए बल्कि व्यापक कानूनी समुदाय के लिए भी गर्व का क्षण था। चैंपियन टीम में राज सरस्वत, अमरनाथ, कप्तान दिनेश रोहिल्ला, लक्ष्मण, हिमांशु मिश्रा, पल्लवी डी., विशाल और शीतल डी. शामिल थे, जिन्होंने पूरे टूनार्मेंट में असाधारण प्रदर्शन किया। उपविजेता टीम नेट नोटिस, जिसका नेतृत्व कप्तान जतिन ने किया और जिसमें श्रेयस, शीला, अश्विन, विनया, इकबाल, अनूप मिनोचा और अमित ढल्ला शामिल थे, ने उल्लेखनीय दृढ़ संकल्प और कौशल का प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें सभी वर्गों से सराहना मिली। लीग का समापन एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें न केवल चैंपियनों बल्कि एकता, व्यावसायिकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का भी जश्न मनाया गया।

# 8 मार्च को दिल्ली में यूजीसी रोल बैक महाआंदोलन का ऐलान, डॉ राज शेखावत की मथुरा से हुंकार



वेलकम इंडिया

**मथुरा**। स्वर्ण समाज समन्वय समिति (एस4) ने यूजीसी रेगुलेशनझ2026 के विरोध में 8 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे दिल्ली के रामलीला मैदान में ह्लयूजीसी रोल बैक महाआंदोलनह्व आयोजित करने की घोषणा की है। संगठन का कहना है कि नए नियम संविधान, सामाजिक समरसता और शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंताजनक हैं।

मथुरा पहुंचे क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने प्रेस वार्ता कर आंदोलन का औपचारिक ऐलान किया। उन्होंने यूजीसी के नए प्रावधानों की तीखे शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि ये नियम शिक्षा में असंतुलन पैदा करेंगे और व्यापक स्तर पर असंतोष को जन्म देंगे। शेखावत ने सरकार को दो-टूक चेतावनी देते हुए नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की।

डॉ. शेखावत अपने काफिले के साथ मथुरा जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां डीएम की अनुपस्थिति को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से तीखी नोकझोंक भी हुई। अंततः सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर संगठन ने अपनी मांगें औपचारिक रूप से दर्ज कराईं।

# बरसाना की रंगीली होली सुरक्षा के कड़े इंतजाम




वेलकम इंडिया

**मथुरा**। विश्वप्रसिद्ध लठामार एवं रंगीली होली के मद्देनजर बरसाना में प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। मेले को शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है। खास तौर पर महिला एवं विदेशी श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। मेला तैयारियों की समीक्षा बैठक में एसडीएम प्रजात्का त्रिपाठी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अभद्रता, जबरन रंग या कीचड़ डालने और हुड़दंग जैसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं या विदेशी मेहमानों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादा वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। प्रशासन द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां विशेष निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। प्रमुख मार्गों, मंदिर परिसरों तथा निर्धारित होली स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। राजस्व एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। सीओ अनिल कुमार सिंह ने चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। मेले की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों के साथ ड्रोन कैमरों का भी सहारा लिया जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति जिला अभिसरण समिति की बैठक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया




**मथुरा**। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में पोषण अभियान के अंतर्गत जिला पोषण समिति, जिला अभिसरण समिति की बैठक संपन्न हुई।। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि ससमय पोषाहार वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों, किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। बैठक में जिले में संचालित पोषण संबंधी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा कुपोषण की समस्या को कम करने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी शिक्षकों को एक-एक मैम बच्चा गोद दिया जाए। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आधार वेरिफिकेशन कराए तथा उक्त कार्य में तेजी लाएं। आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली, टीकाकरण, पोषण ट्रैकिंग, एनीमिया नियंत्रण तथा जनजागरूकता गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिए कि पोषण ट्रैकर एप पर ससमय समस्त फीडिंग करना सुनिश्चित करें। उक्त बैठक के उपरांत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति के सभी सदस्य, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में जिले में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यालयों की उपस्थिति, आधारभूत सुविधाओं, मध्यान्ह भोजन योजना, छात्रवृत्ति वितरण, नामांकन एवं ठहराव की स्थिति सहित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा आधारभूत सुविधा रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों में स्वच्छता, खेल सामग्री उपलब्धता, डिजिटल शिक्षण संसाधनों के उपयोग तथा ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पुनः स्कूल में वापसी हेतु विशेष अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत अधिकाधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करे। स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाए।

# साइबर क्राइम थाना द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत बघौली ब्लाक में साइबर अपराधों से बचाव विषयक गोष्ठी का किया गया आयोजन



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर**। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद अन्तर्गत बघौली ब्लाक में ब्लाक के अधिकारी/कर्मचारीगण, आंगनबाड़ी, समूह कार्यकताओं को ह्लसाइबर अपराधों से बचावह्व विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा लगभग 200 लोगों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, लिंक क्लिक धोखाधड़ी सहित विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें तथा किसी भी स्थिति में अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें

# सीएम सिटी परियोजना को लेकर उद्योग विभाग की अहम बैठक




वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर**। जनपद के बेलहर कला क्षेत्र अंतर्गत बरगदवा कला में प्रस्तावित ह्यसीएम सिटीह्ण परियोजना को लेकर उद्योग विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिप्टी कमिश्नर (इंडस्ट्रीज) राजकुमार शर्मा और बेहतर उत्पाद निर्माण के लिए प्रसिद्ध कंपनी रिलेक्सो डोमस्वेयर एलएलपी के निदेशक अब्दुल्लाह खान ने भाग लिया। बैठक के दौरान बरगदवा कला क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, निवेश की संभावनाओं तथा स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विस्तार से चर्चा हुई। डिप्टी कमिश्नर इंडस्ट्रीज राजकुमार शर्मा ने बताया कि ह्यसीएम सिटीह्ण की परिकल्पना के अंतर्गत पूरे क्षेत्र को आधुनिक औद्योगिक एवं व्यावसायिक केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। इससे जनपद के युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। निदेशक अब्दुल्लाह खान ने क्षेत्र में उद्योग स्थापना को लेकर सकारात्मक रुख व्यक्त करते हुए कहा, ह्लयदि सड़क, बिजली, जलापूर्ति एवं प्रशासनिक सहयोग जैसी आधारभूत सुविधाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई गईं तो भविष्य में निवेश की संभावनाएं और अधिक मजबूत होंगी। स्थानीय स्तर पर उत्पादन इकाइयों की स्थापना से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

# रक्शाकला के प्रधान ने लगाए आरोपों का दिया करारा जवाब

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर**। विकास खंड सेमरियावां के गांव रक्शाकला के ग्राम प्रधान इल्ताफुर्रहमान ने एक प्रेस वार्ता कर एक ग्रामीण द्वारा लगाए गए आरोपों का करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी द्वारा 20 करोड़ के गबन का आरोप लगाया गया है जो कि पूरी तरह गलत और निराधार है। इतना बजट तो गांव में आता ही नहीं है। नाली, खड़ंजा, इंटर लॉकिंग के काम कराये गये हैं। कोई भी आकर गांव में विकास कार्यों को देख सकता है। ग्रामीण फूलमति, जुगन लाल, असलम, शमीम, मो. राजिक, महफूजुर्रहमान, अब्दुल खालिक, अब्दुल वदूद आदि ने बताया कि करोड़ो रुपए का गबन आरोप लगाया गया है जो कि पूरी तरह झूठ है। प्रधान ने गांव में सड़क निर्माण, नाली निर्माण कार्य सहित अन्य विकास कार्य कराये हैं। लगाये गये आरोप राजनीतिक विद्वेष से प्रेरित हैं। ग्राम प्रधान इल्ताफुर्रहमान ने कहा कि कुछ लोग व्यक्तिगत और राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। गांव में विकास कार्य कराए गये हैं ,जिनमें सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था,साफ-सफाई अभियान और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना शामिल है। ऐसे में लगाए गए आरोप तथ्यों से परे हैं और गांव की शांति व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को कोई शिकायत है तो वह सक्षम अधिकारियों से जांच की मांग कर सकता है,लेकिन बिना प्रमाण के सार्वजनिक आरोप लगाना उचित नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और अनावश्यक विवाद समाप्त हो। ग्रामीणों ने यह भी अपील की कि गांव के विकास और आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए सभी लोग मिल-जुलकर कार्य करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# निजीकरण और उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में आंदोलन के 450 दिन पूरे होने पर 20 फरवरी को जोरदार विरोध प्रदर्शन




वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर**। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर निजीकरण एवं उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में चल रहे आंदोलन के 450 दिन पूर्ण होने के अवसर पर आगामी 20 फरवरी को प्रदेश भर में बिजली कर्मियों द्वारा ह्लविरोध दिवस मनाया जाएगा। संघर्ष समिति के पदाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि ह्लविरोध दिवसह्व के दौरान सभी ऊर्जा निगमों के नियमित कर्मचारी, संविदा कर्मी, जूनियर इंजीनियर तथा अभियंता भोजनावकाश अथवा कार्यालय समय के उपरांत अपने-अपने जनपदों, परियोजनाओं एवं कार्यस्थलों पर शांतिपूर्ण लेकिन जोरदार विरोध प्रदर्शन करेंगे। संघर्ष समिति ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से कहा है कि जब प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री अरविन्द कुमार शर्मा ने विधानसभा में स्पष्ट रूप से कहा है कि राज्य की विद्युत व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है तथा 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, तो ऐसी स्थिति में पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन को झूठी प्रतिष्ठा की जिद छोड़ते हुए निजीकरण की समस्त प्रक्रिया तत्काल निरस्त कर देनी चाहिए, ताकि ऊर्जा निगमों में स्वस्थ एवं सकारात्मक कार्य वातावरण स्थापित हो सके। संघर्ष समिति के पदाधिकारी धीरेन्द्र यादव ने आरोप लगाया कि निजीकरण के विरोध में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे बिजली कर्मियों के विरुद्ध लगातार उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियाँ की जा रही हैं, जिससे कर्मचारियों में व्यापक असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है। इसके बावजूद बिजली कर्मी आंदोलन के दौरान उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दे रहे हैं। भविष्य में भी उपभोक्ताओं के हितों को साथ लेकर ही आंदोलन संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के मन में वास्तव में विद्युत व्यवस्था में सुधार तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने की भावना है, तो निजीकरण की प्रक्रिया को तत्काल निरस्त किया जाए, जिससे बिजली कर्मी पूरी निष्ठा और मनोयोग के साथ विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में योगदान दे सकें।

# एन-कॉर्ड की बैठक में डीएम सख्त

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता,जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में आयोजित एन-कॉर्ड की बैठक में नशा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण, स्रोत की पहचान और व्यापक जनजागरूकता हेतु प्रभावी कदम उठाने हेतु अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि एनडीपीएस के प्रत्येक मामले में नशे के स्रोत तक पहुँचना अनिवार्य होगा तथा पकड़े गए आरोपियों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में पूर्व एन-कॉर्ड बैठक के निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई। अब तक पकड़े गए आरोपियों एवं पेडलर्स का विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को ऐसे पैडलर पर केवल गिरफ्तारी नहीं, बल्कि पूरी आपूर्ति श्रृंखला को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए। सभी एसडीएम को एनडीपीएस मामलों की अद्यतन सूची रखने और अपने क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों का रिकॉर्ड संधारित करने को कहा गया। चरस की जनपद में आवक को लेकर जिलाधिकरी ने विस्तृत विश्लेषण कर ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए तथा प्रभावी मॉनिटरिंग पर विशेष बल दिया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्कूल में नशे से संबंधित प्रकरण सामने आने पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी ।सीओ अजय साह ने जानकारी दी कि जनपद में नशा निरोधक गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए कॉलेजों और विद्यालयों में निरंतर जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने कॉलेजों और स्कूलों में व्यापक जागरूकता अभियान, संयुक्त निरीक्षण, तथा शिक्षा विभाग, पुलिस और एनजीओ के सहयोग से कार्यक्रम निरंतर चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अभियानों की उचित रिपोर्टिंग और दस्तावेजीकरण सुनिश्चित किए जाने तथा प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु चल रहे अभियानों का विवरण भी नियमित साझा करने के आदेश दिए ह्ल नशा उन्मूलन को सशक्त बनाने हेतु 1933 ह्यमानसह्ण पोर्टल के व्यापक प्रचार-प्रसार और इसके प्रभावी उपयोग पर भी बैठक में जोर दिया गया। नशामुक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नशे से उबर चुके व्यक्तियों के अनुभवों एवं विचारों को सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित किए जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि बागेश्वर को नशामुक्त बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ नियमित बैठकें, सतत निगरानी और रचनात्मक जनजागरूकता अभियानों को आगे बढ़ाएँ। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एन.एस.नबियाल, आबकारी अधिकारी डी.के. त्रिपाठी, सीओ बागेश्वर अजय साह, पुलिस निरीक्षक सलाहुद्दीन खान, जिला शिक्षा अधिकारी विनय कुमार आर्य, एसीएमओ.डॉ. अनुपमा ह्यांकी, मुख्य कृषि अधिकारी राजेंद्र उप्रेती आदि उपस्थित रहे

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का मेरठ में शानदार प्रदर्शन

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के मेरठ केंद्र के 37 छात्रों ने जेईई मेन 2026 (सेशन I) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार, आकाश इंस्टीट्यूट मेरठ के छात्रों ने बेहतरीन सफलता हासिल की। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए रीजनल डायरेक्टर धनंजय कुमार मिश्रा ने कहा, ₹हमारे छात्रों का यह उत्कृष्ट परिणाम उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का प्रमाण है। यह आकाश के मजबूत शैक्षणिक तंत्र की भी सफलता दशार्ता है। हमें उनके प्रदर्शन पर गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। शिवाशीष चौहान ने 99.93 पसेर्टाइल के साथ टॉप स्कोरर बनकर मेरठ का नाम रोशन किया। उन्होंने फिजिक्स और मैथमेटिक्स में शानदार 99 पसेर्टाइल प्राप्त कर लगभग परफेक्ट ओवरऑल स्कोर हासिल किया। आदित्य परमार ने 99.92 पसेर्टाइल और हर्षित गोयल ने 99.91 पसेंटाइल प्राप्त किए। वेदांत अग्रवाल ने 99.87 पसेंटाइल तथा ऋषि अग्रवाल ने 99.86 पर्सटाइल हासिल किए। लक्ष्य गर्ग ने 99.71 पसेंटाइल और श्रेयस्थ वर्मा ने 99.66 पसेर्टाइल प्राप्त किए। अंश सिंघल ने 99.54 पसेर्टाइल, जानवी चौधरी ने 99.41 पसेंटाइल और आदित वर्मा ने 99.39 पसेर्टाइल अर्जित किए। रि?द्धि भाटिया ने भी 99.33 पसेर्टाइल हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया, जो जेईई मेन 2026 में मेरठ शाखा की मजबूत शैक्षणिक उत्कृष्टता को दशार्ता है। कई छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय आत्म-अनुशासन, नियमित अभ्यास, कठोर प्रशिक्षण, समय पर मार्गदर्शन और नियमित मूल्यांकन को दिया। संरचित पाठ्यक्रम, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित मॉक टेस्ट के माध्यम से उन्होंने अपनी कमजोरियों की पहचान कर निरंतर सुधार किया। गौरतलब है कि जेईई मेन वर्ष में दो बार आयोजित किया जाता है, जिससे छात्रों को अपने स्कोर में सुधार का अवसर मिलता है। यह परीक्षा देश के एनआईटी आईआईआईटी और अन्य सरकारी समर्थित संस्थानों में प्रवेश का माध्यम है, साथ ही जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाई करने का रास्ता भी प्रदान करती है, जिसके माध्यम से आईआईटी में प्रवेश मिलता है।




# बॉलीवुड कॉमेडी के बादशाह अभिनेता राजपाल यादव को जमानत, जेल से रिहाइ

**वेलकम इण्डिया**






**वाराणसी,** बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता और कॉमेडी के बादशाह राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में आज जमानत मिल गई, जिसके बाद वे जेल से रिहा हो गए। उनकी रिहाई की खबर से उनके चाहने वालों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। समर्थकों का कहना है कि अभिनेता राजपाल यादव जैसे सादगीपूर्ण और प्रतिभाशाली कलाकार का फिर से अपने लोगों के बीच लौटना सुखद अनुभूति है। इसी क्रम में वाराणसी से सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने अभिनेता राजपाल यादव की जमानत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वे ईश्वर से दुआ करती हैं कि भविष्य में इस तरह की कोई भी परेशानी दोबारा सामने न आए और राजपाल यादव अपने कार्यक्षेत्र में निरंतर सफलता प्राप्त करें। मामले से जुड़ी अहम जानकारी साझा करते हुए मीडिया प्रभारी सनी केसरी ने बताया कि अदालत के निदेर्शानुसार ?1 करोड़ 50 लाख रुपये की धनराशि जमा कर दी गई है, जबकि शेष राशि जमा करने के लिए 18 मार्च तक का समय दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायिक प्रक्रिया पर पूर्ण विश्वास है और जल्द ही मामला पूरी तरह सुलझ जाएगा। अभिनेता राजपाल यादव की जमानत और रिहाई पर मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने कहा कि यह न्याय की जीत है। उनके फिर से समाज और फिल्म जगत में सक्रिय होने से एक बार सभी को खुशी मिलेगी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और ईश्वर से प्रार्थना की कि आगे का सफर बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक तय हो।

# कलेक्ट्रेट गेट के सामने युवक ने डीजल डालकर आत्मदाह का किया प्रयास

**वेलकम इण्डिया**

**सिद्धार्थनगर।** कलक्ट्रेट गेट के सामने मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सदर थाना क्षेत्र के ही बसडिलिया निवासी जयराम चुपचाप पहुंचा और अपने शरीर पर डीजल डालते हुए आग लगाने की कोशिश की। हालांकि समय रहते पुलिस ने उसे पकड़ लिया, जिससे वह माचिस नहीं जला पाया। इसके बाद उसने डीजल पी लिया। इस दौरान एसडीएम भी मौके पर पहुंच गए। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जयराम ने बताया घर की जमीन के लिए उसका भाई हमेशा मारपीट करता है। आरोप है कि पुलिस भी भाई का ही साथ देती है। इससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक युवक कलक्ट्रेट गेट के सामने हाईवे पर पहुंचा और चिल्लाते हुए अपने ऊपर डीजल डालने लगा। इस दौरान कलक्ट्रेट के अंदर जा रहे पुलिस की स्थानीय जांच एजेंसी के जवान की नजर उस पर पड़ी। उसने तुरंत दौड़कर युवक को पकड़ लिया, जिससे युवक माचिस नहीं जला पाया। युवक को कलक्ट्रेट परिसर के अंदर जाया गया। इस दौरान एसडीएम सदर कल्याण सिंह और सीओ सदर विश्वजीत सौर्यान मौके पर पहुंच गए। पूछताछ में पीड़ित जयराम ने बताया कि वह सदर थाना क्षेत्र के ही बसडिलिया गांव का रहने वाला है। वह तीन भाई हैं और पिता ने घर का बंटवारा कर दिया है। एक जमीन है, जिसके लिए उसके भाई उसे झूठे मुकदमे में फंसाकर परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि भाई उसी जमीन पर कूड़ा डालते हैं और कुछ कहने पर मारपीट करने लगते हैं।

# बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को जमानत मिलते ही प्रयागराज में जश्न, सिविल लाइंस सुभाष चौराहे पर दिखा अनोखा खुशी का माहौल

**वेलकम इण्डिया**



**प्रयागराज।** बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता एवं कॉमेडी के बादशाह राजपाल यादव को जेल से जमानत मिलने की खबर आते ही प्रयागराज में उनके चाहने वालों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। आज सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहा पर नगरवासियों व आम जनता ने शांतिपूर्ण और भावनात्मक तरीके से खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर राजपाल यादव जी की तस्वीर पर पूजा-अर्चना कर टीका लगाया गया, मिठाइयाँ बाँटी गईं और एक अनोखे, सकारात्मक तरीके से जश्न मनाया गया। मौजूद लोगों ने दुआ की कि भविष्य में इस प्रकार की कोई परेशानी दोबारा न आए और राजपाल यादव जी जल्द ही अपने प्रशंसकों के बीच सक्रिय रूप से लौटें। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि चेक बाउंस मामले के कारण राजपाल यादव जी को जेल जाना पड़ा था, लेकिन आज जमानत पर रिहाई मिलने से हम सभी बेहद खुश हैं। ह्लवह हमारे अपने हैं और आज उनके लिए दुआएँ निकली हैं,ह्व—ऐसी भावनाएँ लोगों ने साझा कीं। जानकारी के अनुसार, डेढ़ करोड़ (?1.50 करोड़) रुपये जमा किए जा चुके हैं, जबकि शेष राशि के लिए 18 मार्च तक का समय दिया गया है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सनी केसरी द्वारा दी गई। इस मौके पर राजपाल यादव के चाहने वालों में सुधीर निषाद, रश्मि शुक्ला, सरदार पतविंदर सिंह, आशीष पाल, सुजीत पाल, संतोष सिंह, दीपक पाल, महेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुआ।

# सदर के नए थाना प्रभारी ने पदभार संभाला




**वेलकम इण्डिया**

**सिद्धार्थनगर।** सदर थाने में नए थाना प्रभारी के रूप में मिथलेश कुमार राय ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद से पदभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद मिथलेश कुमार राय ने कहा कि लोगों के सहयोग से क्षेत्र में अमन चैन कायम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित करने की कोशिश की जाएगी। जनता किसी भी वक्त अपनी समस्याएं लेकर थाना आ सकती है। यथासंभव पुलिस की ओर से मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में वे जनपदीय साइबर सेल में रह चुके हैं इसलिए कार्य करने में परेशानी नहीं होगी। पदभार ग्रहण करने के दौरान उपनिरीक्षक अनिरुद्ध सिंह, हरि ओम कुशवाहा, विजय कुमार, विजय शंकर, संजय यादव, संजय चौरसिया आदि पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# ड्राइविंग लाइसेंस की समस्याओं के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी

**वेलकम इण्डिया**

**सद्धार्थनगर।** जनपद के वाहन स्वामियों और आवेदकों के लिए राहत भरी खबर है। अब स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधी समस्याओं का समाधान फोन कॉल के जरिये हो जाएगा। इसके लिए कार्यालय का चक्कर भी नहीं लगाना पड़ेगा।लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एक एजेंसी नामित की गई है और उसका हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। समस्या पर कॉल करके लोग जानकारी लेने के साथ समस्याओं का निस्तारण करा सकेंगे। उन्होंने ने बताया कि परिवहन निगम की ओर से लोगों की सहूलियत के लिए समय- समय पर व्यवस्थाओं में बदलाव किया जाता है। इसमें ड्राइविंग लाइसेंस को स्मार्ट लाइसेंस में बदला गया है। इसमें कुछ तकनीकी समस्याएं आ रहीं थी, जिससे लोग परेशान थे। इसके लिए स्मार्ट लाइसेंस की दिक्कत को दूर करने के लिए संस्था को कंपनी को जिम्मेदार बनाया गया है और उन्हें समस्याओं का समाधान कराना होगा। यह जानकारी एआरटीओ चंपालाल ने बताया कि हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस की प्रिटिंग, पर्सनलाइजेशन, डिस्पैच और डिलीवरी करने वाली संस्था स्मार्ट कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित समस्याओं का निराकरण करेगी। इसके लिए आवेदक अपनी शिकायतों और सहायता के लिए टोल-फी हेल्पलाइन नंबर 97737-69900 पर कॉल कर सकते हैं।

# एकमुश्त कर प्रणाली से वाहन स्वामियों को बड़ी राहत, 20-21 को लगेगा परिवहन मेला

**वेलकम इण्डिया**




**सिद्धार्थनगर।** परिवहन विभाग उप्र शासन की ओर से परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार करते हुए एकमुश्त कर (वन टाइम टैक्स) व्यवस्था लागू कर दी गई है।

वाहन स्वामियों को इसके बारे में जानकारी देने व कर की वसूली के लिए संभागीय परिवहन कार्यालय के सभागार में 20 व 21 फरवरी को मेले का आयोजन होगा।

मेले का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। इस नई व्यवस्था से भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित दोपहिया मोटरसाइकिल, तिपहिया मोटर कैब, मैक्सी कैब, निर्माण उपस्कर-विशेष प्रयोजन यान (जैसे जेसीबी, बुलडोजर) और विभिन्न श्रेणी के माल वाहनों पर एकबारीय टैक्स व्यवस्था लागू की गई है। एआरटीओ चंपालाल ने बताया कि यह नियम वाहन स्वामियों को बार-बार कर जमा करने की जटिल प्रक्रिया से राहत देना, कर प्रशासन को सरल बनाना तथा राजस्व संग्रह को सुदृढ़ करने के लिए लागू किया गया है।

# धर्म पुरी में गंदगी व अवैध कब्जा हटाने की मांग पुरी न होने तक छावनी को कोई टैक्स नहीं अदा करेंगे

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** अवैध कब्जा कर अवैध डेयरी का संचालन करेंगे गंदगी फैलाएंगे गोबर नाले में बहायेंगे और आम रास्ते को अवरूद्ध करेंगे तथा आगे सरकारी भूमि पर कब्जा भी करेंगे ऐसा हम नहीं यह सब अवैध कब्जा धारियों का कहना है। मजदूरों द्वारा मलवा डालने के बाद मामला प्रकाश में आया। शिकायत के बाद स्थानीय भाजपा नेता रजत वालिया ने कहा पार्क में व आसपास फैली गंदगी, अवैध डेयरी व भूमि कब्जा मुक्त की कार्रवाई के संबंध में कैंट बोर्ड अधिकारी व मनोनीत सदस्य डॉ सतीश चंद्र शर्मा जी से उनकी बात हो चुकी है। जल्द ही कार्रवाई होगी बता दें वार्ड नंबर छः मौहल्ला धर्म पुरी में बड़े बड़े संभ्रांत लोग जिनमें महामंडलेश्वर महत वकील जज सीए एवं सरकारी अफसर सहित एजुकेटेड फैमिली का आवासीय क्षेत्र है यहां के सभी लोगों द्वारा मेरठ कैंट बोर्ड को हाउस टैक्स वाटर टैक्स व डोर टू डोर कूड़ा उठाने तक का टैक्स छावनी परिषद को दिया जाता है। लेकिन अवैध कब्जा धारी पशु डेयरी संचालक द्वारा बिना टैक्स दिए सभी सुविधाएं प्राप्त कर रहा है और गंदगी फैला रहा है। साफ-सफाई व कब्जा मुक्त भूमि को लेकर आसपास के लोगों ने कैंट बोर्ड सीईओ से लेकर ब्रिगेडियर व मुख्यमंत्री योगी तक शिकायत की गई है बता दें जिन लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर अवैध डेयरी की आड़ में पक्के दो मंजिला भवन निर्माण कर लिए गए। शिकायत में लोगों ने सीईओ व अन्य उच्च अधिकारियों से मांग की गई है गंदगी व अवैध कब्जा हटवाया जाए अन्यथा वो भी कोई टैक्स भुगतान नहीं करेंगे।

# डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट में उमंग केयर फाउंडेशन के आर्थिक सहयोग से हुए

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**



**वृन्दावन।मथुरा** रोड़ स्थित बी.एच.आर.सी. डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट में उमंग केयर फाउंडेशन,मथुरा के आर्थिक सहयोग से आयोजित द्विदिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन पर संत, ब्रजवासी व वृद्ध महिलाओं आदि नेत्र रोगियों की फेको विधि के द्वारा निःशुल्क नेत्र सर्जरी करके उन्हें चश्मे व दवा वितरित की गई।निःशुल्क चश्मे पाकर सभी के चेहरे खिले दिखाई दिए।साथ ही उन्होंने उमंग केयर फाउंडेशन व उसके अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी, हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर्स और स्टाफ को बारम्बार धन्यवाद दिया।शिविर के समापन पर उमंग केयर फाउंडेशन, मथुरा के संस्थापक अध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी अनिल चतुर्वेदी, श्रीमती किरण चतुर्वेदी, डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, महासचिव आयुष चतुर्वेदी एवं श्रीमती अदिति चतुर्वेदी ने सभी नेत्र रोगियों की सफल सर्जरी के लिए हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. करन प्रीत, डॉ. अनीजा, डॉ. स्नेहा पाल, डॉ. गगन प्रीत, डॉ. निधि राघव एवं डॉ. हर्षित अग्रवाल और समस्त स्टाफ आदि की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ प्रशासक सी.पी. मैसी, प्रख्यात साहित्यकार यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, मुकेश कुमार (एच.आर. डिपार्टमेंट), डॉ. राधाकांत शर्मा, राज बाबू, सौरभ शर्मा, मनोज चौधरी, मदन शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान जिला कार्यशाला में गूंजा राष्ट्र निर्माण का अटल संकल्प।

**वेलकम इण्डिया**



**बुलंदशहर।** जनपद बुलंदशहर स्थित जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विकास चौहान ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री भाजपा बसंत त्यागी ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन अभियान संयोजक जिला महामंत्री संतोष बाल्मीकि एवं सहसंयोजक जिला उपाध्यक्ष दीपक दूल्हेरा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा संगठन गीत ह्यवंदे मातरम्ह्न से हुआ। जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष ऊर्जा प्रदान की। तीन सत्रों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में संगठन की मजबूती, अनुशासन, कार्यपद्धति तथा विचार आधारित कार्यसंस्कृति को सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

# 11 हजार की लाइन ने झुलसाए सपने... डीएम ने पोंछे आंसू, 50 हजार की मदद और नौकरी का मरहम

**वेलकम इंडिया गुलजार आलस**



**रामपुर।** घर की छत, जो बच्चों के लिए सबसे सुरक्षित खेल का मैदान मानी जाती है, वही कमोरा गांव की शिवानी के लिए जिंदगी भर का दर्द बन गई। 11 केवी की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसी इस बेटी के जख्मों पर अब प्रशासन ने मरहम लगाने की कोशिश की है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने न केवल पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता सौंपी, बल्कि शिवानी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए उसे गांव में ही रोजगार दिलाने की भी संवेदनशील पहल की है। दर्द लेकर पहुंचा था पिता, सुनी गई पुकार मामला मिलक तहसील के ग्राम कमोरा का है। बीते 2 जनवरी 2026 को जनता दर्शन में शिवानी के पिता निर्मल सिंह अपनी लाचारी और बेटी का दर्द लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंचे थे। उन्होंने बताया था कि कैसे हंसती-खेलती शिवानी नौ वर्ष पहले छत पर खेलते वक्त 11 हजार वोल्ट के करंट की चपेट में आ गई थी। उस हादसे ने न सिर्फ बेटी को शारीरिक रूप से तोड़ा, बल्कि परिवार को भी आर्थिक संकट में डाल दिया था। बिजली विभाग ने जुटाई मदद, डीएम ने दिया सहारा पिता की पीड़ा को समझते हुए डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने तत्काल विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र चौहान को तलब कर मदद के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने शिवानी को बिजली विभाग द्वारा संकलित 50,000 रुपये का चेक सौंपा। यह राशि भले ही शिवानी के शारीरिक कष्ट को कम न कर सके, लेकिन इलाज और जरूरतों के लिए एक बड़ा सहारा जरूर बनेगी। सिर्फ मदद नहीं, भविष्य की भी चिंता हादसे के बाद शिवानी का जीवन कैसे चलेगा, डीएम ने इसकी भी चिंता की। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि शिवानी को उसकी ग्राम पंचायत में ही दैनिक कार्यों के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। प्रशासन की इस पहल से अब पीड़ित परिवार को एक दीर्घकालिक आसरा मिल सकेगा।

# विद्युत विभाग कार्यालय हापुड़ में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत, किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत आज जिलाध्यक्ष पवन हूण के नेतृत्व में विद्युत विभाग कार्यालय हापुड़ में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता सुधीर त्यागी ने की तथा संचालन हापुड़ तहसील अध्यक्ष मोनू त्यागी द्वारा किया गया। बैठक में किसानों की विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।पंचायत में किसानों ने बिजली व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए तत्काल निस्तारण की मांग की। ज्ञापन में निम्न बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया गांवों में स्मार्ट मीटर न लगाए जाने की मांग।ग्रीष्म ऋतु में कृषि कार्यों के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग।क्षमता वृद्धि हेतु स्टोर से लाए गए ट्रांसफार्मरों को साइट पर तत्काल स्थापित कराने की मांग, जिन्हें ठेकेदार द्वारा दत्तियाना बिजलीघर पर रखा गया है।दत्तियाना बिजलीघर की 33 केवी लाइन पर सिंभावली रेलवे क्रॉसिंग के पास जर्जर केबल को शीघ्र बदलवाने की मांग, जिससे गर्मियों में बार-बार होने वाली बिजली बाधा रोकी जा सके। साथ ही ठेकेदारों द्वारा विभिन्न स्थानों पर तार व खंभे बदलने के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की बात कही गई।बिजलीघरों पर रात्रि के समय स्टाफ की अनुपस्थिति पर चिंता जताते हुए कम से कम दो लाइनमैन की नाइट ड्यूटी लगाने की मांग।अनुरक्षण (मेंटेनेंस) कार्य समय पर कराने की मांग, ताकि गर्मी के मौसम में अनावश्यक बिजली कटौती न हो।गढ़ डिवीजन के मीटर कार्यालय को उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए सिंभावली क्षेत्र में स्थानांतरित करने की मांग, जहां पेयजल व बैठने की समुचित व्यवस्था हो।अमीपुर नगोला क्षेत्र में एक माह पूर्व चोरी हुई लाइन को दोबारा न खींचे जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल लाइन डलवाने की मांग।

# हापुड़ के लक्की ने बॉडी बिल्डिंग शो में गोल्ड मेडल जीतकर बढ़ाया जिले का मान



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़** जनपद के मोहल्ला हरजसपुरा निवासी नन्हे कबाड़ी के पुत्र लक्की ने अलीगढ़ में उत्तर प्रदेश जिम संगठन के तत्वावधान में आयोजित ह्लअलीगढ़ मंडल बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेस प्रतियोगिता 2026झ27 ह्यभैया जी क्लासिक बॉडी बिल्डिंग शो में 55 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। इस उपलब्धि से लक्की ने न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे हापुड़ जिले और मोहल्ला हरजसपुरा का नाम रोशन किया है।लक्की की इस सफलता पर परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई, वहीं मोहल्ले के लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लक्की ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच सागर को दिया, जिनकी देखरेख में वह पिछले छह महीनों से हापुड़ स्थित हरपाल पैलेस के पास बने बॉडी मैकेनिक जिम में नियमित अभ्यास कर रहे थे।लक्की ने बताया कि 15 फरवरी को आयोजित प्रतियोगिता में 55 से 60 किलोग्राम भार वर्ग में विभिन्न जनपदों से आए 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें उन्हें प्रथम स्थान घोषित किया गया। विजेता के रूप में उन्हें गोल्ड मेडल, शील्ड, बेल्ट, चश्मा, पर्स, प्रोटीन, पीनट बटर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।बताते चलें कि लक्की वर्तमान में श्री शांति कृषि इंटर कॉलेज में कक्षा 11 के छात्र हैं। उनके पिता नन्हे कबाड़ी का कार्य करते हैं, जबकि माता अंगूरी देवी गृहिणी हैं।

# आकाश पटेल पुलिस उपायुक्त गोमती जोन द्वारा गोमती जोन के समस्त थाना प्रभारी के साथ कार्यों की समीक्षा गोष्ठी कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी** :- आकाश पटेल पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गोमती जोन कार्यालय में जोन के समस्त थाना प्रभारियों के साथ कार्यों की विस्तृत समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई गोष्ठी में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए समीक्षा के दौरान गैंगेस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट एवं एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों की गहन समीक्षा की गई वांछित एवं फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान संचालित कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए लंबित विवेचनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विवेचकों के साथ नियमित बैठक कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया गौ-वध से संबंधित प्रकरणों में कठोर निरोधात्मक, कार्यवाही संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी एवं सक्रिय सूचना तंत्र बनाए रखने के निर्देश दिए गए हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की संख्या, उनके वर्तमान निवास, गतिविधियों एवं आजीविका का सत्यापन कर निरंतर निगरानी रखने को कहा गया लूट एवं चोरी की घटनाओं में वांछित अभियुक्तों की लोकेशन ट्रेस कर तकनीकी एवं पारंपरिक माध्यमों से शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया जन शिकायतों एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों का भौतिक सत्यापन कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर संवेदनशील एवं विवादित स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक निवारक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए साथ ही चिन्हित माफियाओं एवं उनके परिजनों की अर्जित संपत्तियों का सत्यापन कर विधिक प्रावधानों के अंतर्गत जब्ती/कुर्की की कार्रवाई प्रभावी रूप से सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया

# कांग्रेस नेता के घर पर पुलिस पहरा।



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** पुलिस ने 16 फरवरी को हाउस अरेस्ट के बाद भी 17 फरवरी को भी उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव के आवास पर पुलिस का पहरा लगाकर लखनऊ विधानसभा में जाने से रोका।मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के विधानसभा घेराव लखनऊ17 फरवरी के कार्यक्रम की दृष्टिगत जनपद बुलंदशहर में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनरेगा संग्राम बचाओ प्रज्ञा गौड़ एवं जिला उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव के साथ लखनऊ पूछ कर रहे कांग्रेस नेता में दर्जनों मजदूरों को 16 फरवरी की शाम को कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौड़ के घर पर हाउस अरेस्ट के उपरांत मुक्त हुए नेता व कार्यकताओं को जनपद बुलंदशहर की कोतवाली अनूपशहर की मलकपुर चौकी पुलिस द्वारा 17 फरवरी की प्रातः भी उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव के रोरा अनूपशहर बुलंदशहर स्थित आवास पर कोतवाली अनूपशहर की पुलिस ने पहुंचकर 17 फरवरी की प्रातः लखनऊ जाने से रोकने के लिए नजर बंद किया जिस पर ज्ञानेंद्र सिंह राघव द्वारा भाजपा में उत्तर प्रदेश सरकार के लोकतंत्र विरोधी संविधान विरोधी

# रामलीला ग्राउंड की पैमाइश व बाउंड्री वॉल की मांग, उप मुख्यमंत्री से मिला



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से लखनऊ में भेंट कर रामलीला ग्राउंड की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। समिति ने अवगत कराया कि वह पिछले लगभग 90 वर्षों से हापुड़ में जनता के सहयोग से धार्मिक रामलीला का मंचन करती आ रही है, लेकिन वर्तमान में रामलीला भूमि अतिक्रमण और अव्यवस्थाओं की समस्या से जूझ रही है।समिति के अनुसार जब वर्षों पूर्व यह मैदान रामलीला के लिए मिला था तब आसपास आबादी नहीं थी, किंतु अब चारों ओर घनी आबादी बस जाने से भूमि पर अतिक्रमण हो गया है। ऐसे में ग्राउंड की पैमाइश कराकर बाउंड्री वॉल निर्माण तथा इंटरलॉकिंग कराए जाने की मांग की गई है। पदाधिकारियों ने बताया कि मैदान कच्चा होने के कारण बरसात के मौसम में चारों तरफ पानी भर जाता है, जिसे निकालने में भारी मेहनत करनी पड़ती है। हर वर्ष मिट्टी व मालवा डलवाना पड़ता है, फिर भी मैदान ऊबड़-खाबड़ बना रहता है। रामलीला के दौरान दर्शकों को भी धूल-मिट्टी की समस्या का सामना करना पड़ता है।समिति ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा रामलीला ग्राउंड को कूड़ा डंपिंग स्थल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है और केवल रामलीला के समय ही सफाई कराई जाती है, जबकि अन्य दिनों में शहर का कूड़ा वहीं इकट्ठा रहता है। इसके अतिरिक्त मैदान के आसपास कुछ अवैध मीट की दुकानों को हटाने की भी मांग उठाई गई है।

# भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर संपन्न हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**




**हापुड़** प्रीत विहार स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर आज प्रशिक्षण वर्ग की कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने कहा कि प्रशिक्षण किसी भी कार्यकर्ता को अनुशासित बनाता है और उसकी कार्यशैली को निखारने का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकताओं को पार्टी की अवधारणा, कार्य करने की पद्धति तथा अपने जीवन में अनुशासन लाकर संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को कार्यकर्ता अपने जीवन में उतारते हैं और पार्टी, देश व समाज के लिए बढ़-चढ़कर योगदान देते हैं।जिला अध्यक्ष कविता माद्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण वर्ग 7 मार्च से प्रारंभ होकर अगले एक माह तक जिले एवं मंडल स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कार्यकताओं को संगठनात्मक अनुशासन, एकजुटता तथा पार्टी की कार्ययोजना के अनुरूप कार्य करने का मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी प्रशिक्षण वर्गों में भविष्य की कार्ययोजना भी विस्तार से बताई जाएगी।प्रशिक्षण वर्ग के संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक पाल तथा सह-संयोजक जिला महामंत्री पुनीत गोयल रहे। इस अवसर पर रेखा नगर, विभु बंसल, हरेंद्र तेवतिया, श्यामेंद्र त्यागी, राजेश शर्मा, पायल गुप्ता, सुमित परछा, छवि दीक्षित, सुनील वर्मा, पवन गर्ग, दीपक गौड़, दिनेश त्यागी, कपिल सिंगल, जितेंद्र सिंह, अनिरुद्ध कस्तला, जतिन साहनी, दीपक भाटी, राखी शर्मा, मनोरमा रघुवंशी, सीमा जोहर एवं यशोदा शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जे एम एस पब्लिक स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल में ह्यगुणवत्तापूर्ण शिक्षा विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में भारत और श्रीलंका के शिक्षाविदों का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में श्रीलंका के शिक्षा मंत्रियों सहित 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सहभागिता कर वैश्विक शैक्षिक दृष्टिकोणों पर विचार साझा किए।प्रमुख विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति मुंबई से विशेष रूप से पधारीं डॉ. रश्मि त्यागी (प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं मास्टर ट्रेनर, उइरए उडए) ने अपने अनुभवों से शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। दक्षिण एशियाई अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा मंच के अध्यक्ष कमल गोडा के नेतृत्व में आए विदेशी मेहमानों का विद्यालय प्रबंधन की ओर से डॉ. आयुष सिंघल, डॉ. रोहन सिंघल एवं डॉ. निधि मलिक ने पौधा एवं भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।शिक्षक प्रतियोगिता और नवाचार सम्मेलन के दौरान शिक्षकों के बीच विशेष प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अनुभवात्मक शिक्षा और ह्यनैतिकता जैसे विषयों पर शिक्षकों ने अपनी रचनात्मकता और शिक्षण कौशल का प्रदर्शन किया। परिणाम इस प्रकार रहे प्रथम स्थानः रुचिका खुराना एवं टीम द्वितीय स्थानः हिमांशु एवं टीम तृतीय स्थानः मीनाक्षी एवं टीम सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन विद्यालय के विद्यार्थियों ने भारतीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

# मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बहुउपयोगी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**वेलकम इंडिया**




**रामपुर** । मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मा0 भानु देव शर्मा ने बहुउपयोगी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह वाहन 22 फरवरी 2026 को सद्भावना मण्डप पनवड़िया में आयोजित होने वाले मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का प्रचार-प्रसार मुख्यालय स्तर पर आम जनता को जागरूक करने हेतु किया गया। कार्यक्रम से पूर्व समस्त विभागों/नगर निकाय प्राधिकरणों/विकास विभाग के अधिकारियों के साथ मा0 जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित कि आमजन को अधिक से अधिक सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इस मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के आयोजन का उद्देश्य एक छत के नीचे विभिन्न विभागों द्वारा आम नागरिकों को त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना व विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदान करना है। आम जनता से अपील है कि वह इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस कार्यक्रम के अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं उपजिलाधिकारी बिलासपुर/नोडल अधिकारी (मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर), उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी, वन स्टॉप सेन्टर प्रबन्धक आदि उपस्थित रहे।

# छात्र छात्राओं ने प्राथमिक विद्यालय करैना में किया अखबार वाचन।



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर**/पहासू मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय करैना में शासन के आदेश के क्रम में समस्त छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों द्वारा प्रात कालीन सभा पर अखबार वाचन किया गया जिसमें क्षेत्र के सभी लोकल अखबारों का वाचन छात्रों द्वारा किया जाता है जिससे बच्चे नई-नई जानकारी अपने देश-विदेश की प्राप्त करते हैं अखबार में प्रमुख रूप से दैनिक जन सागर टुडे दैनिक जागरण अमर उजाला हिंदुस्तान पंजाब केसरी नवोदय टाइम्स वारी-वारी से विद्यालय में उपलब्ध कराए जाते हैं इस मौके पर महेश कुमार प्रधानाध्यापक त्रिदेव कुमार सहायक अध्यापक मुमताज अली सब शिक्षा मित्र शकुंतला शर्मा शिक्षामित्र एवं सभी छात्र उपस्थित रहे।

# बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को जमानत मिलते ही प्रयागराज में जश्न, सिविल लाइंस सुभाष चौराहे पर दिखा अनोखा खुशी का माहौल



**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता एवं कॉमेडी के बादशाह राजपाल यादव को जेल से जमानत मिलने की खबर आते ही प्रयागराज में उनके चाहने वालों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। आज सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहा पर नगरवासियों व आम जनता ने शांतिपूर्ण और भावनात्मक तरीके से खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर राजपाल यादव जी की तस्वीर पर पूजा-अर्चना कर टीका लगाया गया, मिठाइयाँ बाँटी गईं और एक अनोखे, सकारात्मक तरीके से जश्न मनाया गया। मौजूद लोगों ने दुआ की कि भविष्य में इस प्रकार की कोई परेशानी दोबारा न आए और राजपाल यादव जी जल्द ही अपने प्रशंसकों के बीच सक्रिय रूप से लौटें।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि चेक बाउंस मामले के कारण राजपाल यादव जी को जेल जाना पड़ा था, लेकिन आज जमानत पर रिहाई मिलने से हम सभी बेहद खुश हैं। ह्वह हमारे अपने हैं और आज उनके लिए दुआएँ निकली हैं,ह्व–ऐसी भावनाएँ लोगों ने साझा कीं।

जानकारी के अनुसार, डेढ़ करोड़ ( ?1.50 करोड़ ) रुपये जमा किए जा चुके हैं, जबकि शेष राशि के लिए 18 मार्च तक का समय दिया गया है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सनी केसरी द्वारा दी गई।

इस मौके पर राजपाल यादव के चाहने वालों में सुधीर निषाद, रश्मि शुक्ला, सरदार पतविंदर सिंह, आशीष पाल, सुजीत पाल, संतोष सिंह, दीपक पाल, महेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुआ।

# थाना एत्मादपुर का वार्षिक निरीक्षण: पुलिस उपायुक्त पश्चिमी ने की समीक्षा



**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

**आगरा:-** पुलिस उपायुक्त पश्चिमी, आगरा द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त एत्मादपुर की उपस्थिति में थाना एत्मादपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय के अभिलेखों, मालखाना, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्पडेस्क, हवालात, शस्त्रागार एवं बैरिक आदि व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी ने अभिलेखों के रख-रखाव, लंबित विवेचनाओं की प्रगति एवं जनसुनवाई व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सभासदों, धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ गोष्ठी आयोजित कर आगामी रमजान एवं होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त ने सभी से आपसी समन्वय, अफवाहों से बचाव/ सतर्कता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि थाना एत्मादपुर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# आभा फाउंडेशन द्वारा छात्राओं के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम 16 मार्च को



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर।** आभा फाउंडेशन द्वारा छात्राओं के लिए आयोजित किया जाने वाला साइकिल वितरण कार्यक्रम, जो पहले 10 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित था, अब 16 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहले 250 साइकिलें वितरित की जानी थीं, जिन्हें बढ़ाकर अब 500 साइकिलें कर दिया गया है।

इस योजना के लिए छात्राएं फादरसन पब्लिक स्कूल स्याऊ, चांदपुर में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आकर आवेदन पत्र भर सकती हैं। आवेदन केवल वही छात्राएं कर सकेंगी जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण की हो। आवेदन के समय छात्राओं को निम्न आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे: आधार कार्ड कक्षा 10वीं या 12वीं की मार्कशीट विद्यालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र, जिसमें यह प्रमाणित हो कि छात्रा ने सत्र 2024-25 में निर्धारित अनुक्रमांक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। यह योजना केवल उत्तर प्रदेश बोर्ड से उत्तीर्ण छात्राओं के लिए लागू होगी। साइकिलों का वितरण छात्राओं की रैंक के आधार पर किया जाएगा। आभा फाउंडेशन का उद्देश्य है कि योग्य और मेधावी छात्राओं को आगे की पढ़ाई में सुविधा मिले और वे आत्मनिर्भर बन सकें।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह सम्पन्न कराया : भूपेंद्र बॉबी



**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर।** विकास खण्ड नूरपुर स्तर से परी गार्डन मंडप नूरपुर में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र सिंह उर्फ बाँबी, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहानकी गरिमामयी उपस्थिति में शासन द्वारा पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10 बजे से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि भूपेन्द्र सिंह उर्फ बाँबी का आकांक्षा चौहान ब्लाक प्रमुख नूरपुर द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। भूपेन्द्र सिंह उर्फ बाँबी, आकांक्षा चौहान, राशु चौहान, डॉ दिनेश पाल शर्मा, निशांत कर्णवाल आदि ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 200 हिन्दु तथा 35 मुस्लिम नवदम्पत्ति को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में समाजसेवी राशु चौहान, नूरपुर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल, गोहाबर मंडल अध्यक्ष विनय चौहान, मोरना मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी, डॉ दिनेश पाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी, जागेश्वर सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, करूणा चौहान सहायक विकास अधिकारी पंचायत, योगेश कुमार सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, गिरीश चन्द एकाउन्टेंट, नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मुरादाबाद में भाजपा की जिला प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**वेलकम इंडिया**

मुरादाबाद में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल की अध्यक्षता में एक दिवसीय जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना, संगठन कौशल विकसित करना और सरकार की योजनाओं को जमीन स्तर तक पहुंचाने के लिए तैयार करना था। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके और पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी राजेश यादव ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकताओं को तरासाने की प्रक्रिया है जो सिखाता है वह बढ़ता है और जो सीखना बंद कर देता है वह बढ़ना भी बंद कर देता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है और यह अभियान कार्यकताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना और संगठन कौशल विकसित करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अभियान दो दिवसीय मंडल स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा, जबकि बूथ स्तर पर दो सत्रों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश सैनी, ठाकुर राकेश सिंह, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन चौधरी विजयभान सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी, हर ज्ञान सिंह, आदेश चौधरी, अरुण पंडित, देवराज सिंह जाटव, जिला मंत्री चकित चौधरी, चौधरी हुकुम सिंह, आचार्य नरेंद्र कश्यप, नवीन चौधरी, चंद्र चौधरी, आदित संख्यिधर, मयूर भाटिया, अर्पित चौहान, अमन ठाकुर, सुमन देवी, पूजा राघव, जयप्रकाश सैनी सहित 16 मंडल के मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के 3 छात्रों का नीट जेईई मे चयन





**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल धामपुर रोड नूरपुर (बिजनौर) नीट जेईई परीक्षा 2026 में गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने विद्यालय का परचम लहरा दिया। जतिन प्रकाश 96 परसेंटाइल, प्रभाकर सिंह 90 परसेंटाइल और रिया सैनी ने 84.4 परसेंटाइल के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। टाइम टेबल के साथ पढाई और सही दिशा में मेहनत ने बच्चों को सफलता का रास्ता दिखाया। प्रभाकर सिंह और रिया सैनी कक्षा 5 से और जतिन प्रकाश कक्षा 6 से गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। तीनो ही विद्यार्थी सफल इंजीनियर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहते हैं। प्रिंसिपल अवनीश कुमार ने स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए कहा कि बिना राह से भटके सही दिशा में मेहनत और मार्गदर्शन हो तो सफलता मिलनी तय है। प्रबंध निदेशक मंदीप सिंह ने स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए कहा कि बड़ी परीक्षा में सफलता अथक प्रयास और मार्गदर्शन से ही मिलती है। आने वाली मुख्य परीक्षा के लिए स्टूडेंट्स को और ज्यादा मेहनत के लिए प्रेरित किया।

# छात्राओ ने सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली जागरूकता रैली

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शिविर स्थल की सफाई, प्रार्थना तथा लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें उठें के सामूहिक गान से की गई ।प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा जन–जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक रैली निकाली गई। यह रैली शिविर स्थल से प्रारंभ होकर मोहल्ला रायजादगान होते हुए सूरज कुंड मंदिर पर समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्राओं ने विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागी छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्याम बाबू ने स्वयंसेविकाओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# भारत रत्न कपूरी ठाकुर की 38 वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई



**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

आगरा में सविता नंद सेन समाज की ओर से गुलाब नगर स्थित यादव गार्डन में भारत रत्न कपूरी ठाकुर की 38 वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री एस. पी. सिंह बघेल और एत्मादपुर विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक प्रत्याशी गौरव नन्द ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम संयोजक अशोक कुमार ने कहा कि समाज को अन्य समाजों की तरह संगठित और एकजुट रहकर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर जगबीर सिंह, लेखराज सिंह, श्यामवीर सिंह, सुनील चित्तौड़िया, केशव देव, विजय कुमार, बनवारी लाल, सोहनलाल, रमेशचंद, हरिशंकर, नबाब सिंह, कालीचरण, उदयवीर सिंह, विजेंद्र सिंह फौजी, दीपक कुमार, बॉबी व सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगरा ट्रैफिक पुलिस की सख्ती

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**



जनपद में आगराः-पुलिस उपायुक्त यातायात सोनम कुमार के निर्देशन में आगरा यातायात पुलिस द्वारा टेढ़ी बगिया चौराहा पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और नियमों का पालन करवाना है। यातायात पुलिस की टीम ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और शहर को सुरक्षित बनाएं। इस अभियान के तहत, पुलिस टीम द्वारा वाहनों की जांच की जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान काटे जा रहे हैं। आगरा यातायात पुलिस की यह कार्यवाही शहर के लोगों के लिए एक संदेश है कि यातायात नियमों का पालन करना कितना जरूरी है। हमें उम्मीद है कि इस कार्यवाही से शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और लोग सुरक्षित यात्रा कर सकेंगे।

# थाना बेहट, थाना गागलहेडी एवम थाना सदर बाजार प्रभारियो की बडी कार्रवाई

**वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी**

**सहारनपुर।** थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम का (ऑपरेशन सवेरा) के चलते नशा तस्कर पर बड़ा प्रहार इंस्पेक्टर सतपाल सिंह भाटी के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम ने पूर्वी यमुना नहर के पास से घेराबंदी के दौरान पकडा एक बडा चरस कारोबारी, 150 ग्राम अवेध चरस बरामद थाना गागलहेडी प्रभारी अमित नागर के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम की शराब माफिया पर बड़ी कार्रवाई, 23 पव्वे देशी शराब महबूबा बरामद गागलहेडी प्रभारी अमित कुमार की पुलिस टीम की भी एक और बड़ी कार्रवाई, एक तमंचा धारी बदमाश अवैध देशी तमंचे व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार थाना सदर बाजार प्रभारी कपिल देव के कुशल निर्देशन वाली पुलिस ने पकड़ा जानलेवा हमला करने वाला वांछित अभियुक्त नशा तस्करो पर धड़ाधड़ कार्रवाई कर जेल की सलाखें दिखाने वाले थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक महेश चंद ने (ऑपरेशन सवेरा) अभियान के चलते अपनी एक बडी पुलिस टीम के साथ चैकिंग के दौरान शमशान घाट स्थित पूर्वी यमुना नहर के पास से एक नशा कारोबारी शहबाज पुत्र बुरहान निवासी मौहल्ला कस्साबान कस्बा बेहट को अवैध चरस के साथ उस समय पकड़ा, जब सामने गस्त/चैकिंग पर निकली पुलिस टीम को सामने देखकर यह चरस तस्कर घबराकर उल्टे पांव? भागने लगा, लेकिन साहसिक पुलिस टीम ने इसका काफी दूर तक इसका पीछा करते हुए घेराबंदी के दौरान इसे धर दबोचा ।पकड़े गए इस नशा तस्कर की पुलिस टीम द्वारा जब तलाशी ली गई, तो इसके पास 150 ग्राम अवैध चरस देख पुलिस टीम के भी होश फाख्ता हो गए ।पकड़ा गया यह नशा कारोबारी काफी समय से नशे की तस्करी कर रहा था, जिसकी बेहट पुलिस को भी तलाश थी ।और आज इंस्पेक्टर सतपाल सिंह भाटी की पुलिस टीम ने इसे चरस के साथ रंगे हाथो पकड़ लिया ।इसके अलावा थाना गागलहेडी थाना प्रभारी अमित नागर के कुशल नेतृत्व वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने अपनी एक बडी पुलिस टीम के साथ चैकिंग के दौरान सैनी ढाबा भगवानपुर रोड स्थित कस्बा गागलहेडी से एक बड़े नशा तस्कर भोजराज सैनी पुत्र रामचन्द्र सैनी निवासी मौहल्ला खैल थाना भवन जनपद शामली को उस समय अवैध शराब के साथ पकड़ा, जब चैकिंग करती पुलिस टीम को देखते ही यह शराब तस्कर सहम गया, जिसको पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया ।जिसके पास मौके से 23 पव्वे देशी शराब महबूबा बरामद किए गए ।इसके अलावा थानाध्यक्ष अमित नागर के कुशल निर्देशन वाली पुलिस टीम रामवीर सिंह ने अपनी एक बडी पुलिस टीम के साथ चैकिंग के दौरान भगवानपुर रोड से एक तमंचा धारी बदमाश इकराम उर्फ शहनवाज उर्फ लाला पुत्र इस्लाम चांदपुर को एक देशी तमंचे व कारतूस के साथ उस समय पकड़ा, जब यह तमंचा धारी बदमाश पुलिस टीम को देखते ही एक पेड़ के पीछे छुपकर बैठ गया, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए गिरफतार किया ।जिसके पास से एक देशी तमंचा एवम कारतूस बरामद किया गया ।और यही नहीं थाना सदर बाजार प्रभारी कपिल देव के कुशल नेतृत्व वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक विमल कुमार सैनी ने अपने सहयोगी दल के सहयोग से एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए चैकिंग के दौरान रेलवे ग्राउंड के पास बने स्थित खंडहर से लाठी-डंडों एवम तेजधार हथियारो? से हमला बोलकर फरार हुए अभियुक्त अतुल कुमार को?, किया गिरफतार ।जिसके पास से हमले में प्रयुक्त एक छुरी भी बरामद की गई।



# जेईई मेन्स में एलएसडीपी पब्लिक स्कूल का डंका, 3 छात्र हुए सफल

वेलकम इंडिया फतेह खान



**रुदौली अयोध्या** जेईई मेन्स 2026 के नतीजे सोमवार को देर शाम जारी किए गए, जिसमें शिक्षा क्षेत्र रुदौली के सीबीएसई से सम्बद्ध एल.एस.डी.पी पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। उत्कर्ष जायसवाल, अतुल और शिवम प्रजापति ने अपने पहले प्रयास में ही ओबीसी वर्ग में 87.46 और 85.18 पर्सेंटाइल व अतुल नें एससी वर्ग में 68.46 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं।

इस उपलब्धि के साथ, तीन छात्रों ने जेईई एडवांस 2026 में बैठने का मौका हासिल किया है और एनआईटी में एडमिशन का रास्ता प्रशस्त किया है। विद्यालय के संस्थापक धर्मदत्त पाठक व प्रबंधक अनिल पाठक ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व जताया है। रुदौली के कटरा निवासी उत्कर्ष के पिता राजेश जायसवाल और शिवम के पिता राम भरोसे प्रजापति व अतुल के पिता राम कुमार ने अपने बच्चों की सफलता पर खुशी जताई है और विद्यालय के अध्यापकों का आभार जताया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य पाठक ने बताया कि उत्कर्ष, शिवम व अतुल ने अपनी कड़ी मेहनत और अध्यापकों के मार्गदर्शन से यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। उन्होने बताया कि अभी तक दो वर्षो में 6 बच्चों ने जेईई की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

वही उत्कर्ष, शिवम व अतुल ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान में प्रवेश प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि आगे की परीक्षा में भी वह बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे। इन दोनों बच्चों की इस सफलता ने ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए नई उम्मीद जगाई है।

# ट्रिनिटी स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों का रहा सुहाना सफर



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के नन्हे विद्यार्थी कक्षा प्ले से लेकर प्रेप तक इंदिरापुरम गाजियाबाद के स्वर्ण जयंती पार्क में घूमने के लिए बहुत प्रसन्न और उत्साहित होकर गए। उनका यह सुहाना सफर उन्हें नई अनुभूति से सराबोर कर रहा था। अपनी छोटी-छोटी उत्सुकताओं को अपने अध्यापिकाओं से पूछते हुए शीघ्र ही अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच गए। वहां पहुंचकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा जब उन्होंने छोटे बड़े बहुत प्रकार के झूले देखें और झूलकर उनका आनंद लिया विशेष रूप से हवाई जहाज और रेल यात्रा का झूलों के माध्यम से आनंद उठाया वोटिंग का आनंद तो अलग ही था बच्चों का वहां से आने का मन बिल्कुल भी नहीं था परंतु समय सीमा में बंधे होने के कारण आना पड़ा खाते पीते मस्ती में झूमते आखिरकार समय से हमारे नन्हे टूरिस्ट वापस आ गए।

# रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची अवस्थी सिंघल ने राष्ट्रीय शैक्षणिक मंच पर किया व्याख्यान प्रस्तुत

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** शहर की रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची अवस्थी सिंघल ने राष्ट्रीय शैक्षणिक मंच पर जुड़वां गर्भावस्था विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान प्रस्तुत किया। इंडियन रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित एमडी एवं पोस्ट-एमडी चिकित्सकों के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हें वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। देशभर के रेडियोलॉजिस्टों की सहभागिता वाले इस कार्यक्रम में डॉ प्राची ने एक घंटे के व्याख्यान में जटिल मामलों, नैदानिक अनुभवों तथा अद्यतन तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि सटीक डायग्नोसिस के लिए नवीन गाइडलाइंस और उन्नत इमेजिंग तकनीकों का अनुपालन अनिवार्य है। डॉ. प्राची अवस्थी सिंघल पूर्व में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में रेडियोलॉजी प्रोफेसर के रूप में कार्यरत रहीं। वर्तमान में निजी प्रैक्टिस में रहते हुए भी वे शिक्षण और शोध गतिविधियों से जुड़ी हैं। राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में उन्हें लगातार आमंत्रित किया जाना उनके शैक्षणिक योगदान की निरंतर स्वीकृति को दशार्ता है। राष्ट्रीय मंच पर यह सहभागिता चिकित्सा क्षेत्र में शहर की सशक्त उपस्थिति को रेखांकित करती है।

# भारतीय मछुआ महासंघ के प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन में उठी आरक्षण व मत्स्य पट्टा नीति की मांग

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय मछुआ महासंघ राज्य शाखा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मा० शंखलाल मांझी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री) ने महाराजा निषाद राज व महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि मझवार, गौड़, तुरहा, बेलदार, शिल्पकार सहित अन्य परंपरागत मछुआ समुदाय 1930 की जनगणना के अनुसार परिसीमित न होने के कारण आरक्षण लाभ से वंचित हो रहे हैं।

उन्होंने 22 दिसंबर 2016 के शासनादेश के अनुरूप परिसीमित मछुआ उपजातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग उठाई। इसके साथ ही वर्ष 1995 के शासनादेश के तहत तालाब एवं जलाशयों के मत्स्य पालन पट्टों को लागू करने तथा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा विधि-सम्मत माने गए प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की मांग की गई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि राजस्व नियमावली व विभागीय निदेर्शों में बार-बार बदलाव से मछुआरों में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है, जिस पर रोक लगाए जाने की आवश्यकता है। सभा में चेतावनी दी गई कि यदि मछुआ आवास, आरक्षण तथा मत्स्य पालन से जुड़े मुद्दों का समाधान नहीं किया गया तो प्रदेश के लाखों मछुआरे एकजुट होकर सरकार की नीतियों के विरोध में धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी कश्यप ने तथा अध्यक्षता पूर्व विधायक चौधरी लालता प्रसाद निषाद ने की। सम्मेलन में सुरेश निषाद, दीपली रायकर, शिवचरण कश्यप, राजेश साहनी, विनोद साहनी, अंकुर मांझी, दिग्विजय देसवाल, योगेन्द्र कश्यप, तुफानी निषाद सहित अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सम्मेलन में सर्वसम्मति से शिवचरण कश्यप (जनपद बरेली) को भारतीय मछुआ महासंघ उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र किए जाने की जानकारी भी दी गई।

# डेली-वीकली न्यूज पेपर एसोसिएशन के अनिल शर्मा फिर चुने गए अध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**दिल्ली।** दिल्ली डेली-वीकली न्यूज पेपर एसोसिएशन रजि. की मीटिंग में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया है कि अनिल कुमार शर्मा को एक बार फिर से अध्यक्ष बनाया गया है और साथ ही कार्यकारिणी की भी घोषणा की गयी जो कि इस प्रकार से है। इस मीटिंग शामिल पत्रकार जो कि इस प्रकार हैं: अनिल कुमार शर्मा (अध्यक्ष), भूपेन्द्र सिंह लूथरा (उपाध्यक्ष), सुनील शर्मा (उपाध्यक्ष), संदीप सिंह गोदरा (सलाहकार), राहुल शर्मा (महासचिव), पवन कुमार शर्मा (सचिव) और सोनिया शर्मा (सचिव) नियुक्त किए गये हैं। बी.के अवस्थी नोएडा, राजीव मित्रा, गाजियाबाद से नवल शर्मा और आकाश शर्मा, मुरादनगर से अजुर्न कुमार, मोदीनगर से राकेश राजपूत, मेरठ से शिवकुमार और सुभाष वर्मा, सहारनपुर योगेश अग्रवाल, बरेली से सुरेश गंगवार, लखनऊ से देवेन्द्र सिंह यादव, हरीश श्रीवास्तव इत्यादि लोग इस मीटिंग में शामिल रहे। इनकी ईमानदारी और संघर्ष को देखते हुए जिस तरह से इन्होंने छोटे-मझोले समाचार पत्रों के लिए संघर्ष किया और उसका समाधान कराया। इसी को देखते हुए विशेष रूप से सभी पत्रकार और प्रकाशनों एवं संपादको ने एक आवाज में बोला फिर से अनिल शर्मा को अध्यक्ष बनाया जाए।

# जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्रों पर लोगों को दिए जा रहे नि:शुल्क उपचार को परखने के लिए किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर स्वास्थ्य केंद्रों पर लोगों को दिए जा रहे निःशुल्क उपचार को परखने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी श्रुति ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गिरधारी नगर तथा शास्त्री नगर का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करते हुए ओपीडी, दवा वितरण, लैब आदि का निरीक्षण करते हुए मरीजों को दिए जा रहे उपचार के बारे में जानकारी ली। आज देखे गए मरीजों के ऑफलाइन एवं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का अवलोकन किया गया। अभिलेखों का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी प्रविष्टियों को दर्ज किया जाए। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गिरधारी नगर पर प्रभारी चिकित्सक डॉ प्रवीण चंद्रा, डॉ सोनी, व समस्त कर्मचारी उपस्थित मिले।

बताया गया कि अभी तक 78 मरीज देखे जा चुके हैं। मरीजों का ऑनलाइन तथा ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मरीजों का ऑनलाइन पंजीकरण किए जाने तथा लैब में होने वाली जांच के नाम बाहर लिखवाया जाए। आशाओं को होने वाले भुगतान संबंधी बाउचर का भी निरीक्षण करते हुए कहा कि आशाओं का भुगतान समय से किया जाए। इस मौके पर उपस्थित आशाओं एवं मरीजों से भी वार्ता कर आवश्यक जानकारी ली गई।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शास्त्री नगर पर डॉ रमन सिंह व समस्त स्टाफ उपस्तिथ मिले। मौके पर उपस्थित मरीजों से जाँच तथा दवा की जानकारी ली गई, मरीजों द्वारा बताया गया कि दवा अस्पताल से मिल रही हैं। जिलाधिकारी द्वारा सीएमओ को बुलंदशहर के किसी एक नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सामान्य प्रसव करने का प्रयास किया जाने के निर्देश दिए गए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि टीकाकरण, सैम, मैम बच्चो को चिह्नित कर उन्हे सामान्य श्रेणी में लाने के प्रयास, गर्भवती महिलाओं की समय समय पर जांच, आने वाले मरीजों को समुचित उपचार आदि दिया जाए। स्वास्थ्य केंद्र पर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील दोहरे, नोडल अरबन डॉ गौरव सक्सेना उपस्थित रहे।

# खंड विकास का डीएम ने किया निरीक्षण, सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने मंगलवार को खंड विकास का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी से विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और अभिलेखों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण तथा क्षेत्र पंचायत निधि से कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने? संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने और अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कार्य में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खंड विकास कार्यालय परिसर में समुचित साफ-सफाई न होने पर भी असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से साफ-सफाई दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शौचालय की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए व्यवस्थाएं सुधारने को कहा। निरीक्षण के के दौरान कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# पालिका कार्यालय में हंगामा, सरकारी फाइल फाड़ने का आरोप

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी नगर पालिका परिषद कार्यालय में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब एक व्यक्ति पर कार्यालय में घुसकर हंगामा करने और सरकारी फाइल फाड़ने का आरोप लगा। घटना के बाद पालिका अध्यक्ष व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कर्मचारियों के साथ थाने में दी गई तहरीर में बताया कि कस्बे के मोहल्ला मिद्दगान निवासी तनवीर पुत्र सहीद बीते कुछ समय से लगातार सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा है। आरोप है कि वह पालिका की कार्यप्रणाली पर अनर्गल आरोप लगाकर जनमानस में भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास कर रहा है। इतना ही नहीं, कई बार वह बिना किसी पूर्व सूचना के पालिका कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों से तीखी बहस करता है और कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप करता है। मंगलवार को भी आरोपी अचानक पालिका कार्यालय पहुंच गया और किसी प्रशासनिक विषय को लेकर बहस करने लगा। कर्मचारियों द्वारा समझाने का प्रयास किए जाने पर वह उग्र हो गया और जोर-जोर से चिल्लाते हुए कार्यालय में हंगामा करने लगा।

# डीएम ने पालिका परिषद कांधला व नगर पंचायत एलम का किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने नगर निकायों की कार्यप्रणाली का जायजा लेने के लिए नगर पालिका परिषद कांधला और नगर पंचायत एलम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों की पत्रावलियों का गहन अवलोकन किया, जिन्हें प्रथम दृष्टया संतोषजनक पाया गया। नगर पालिका परिषद कांधला में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों के निर्गमन की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की गुणवत्ता और उनके निस्तारण की स्थिति को विस्तार से परखा। उन्होंने एक शिकायतकर्ता से सीधे फोन पर वार्ता कर निस्तारण की वास्तविक स्थिति जानी। शिकायतकर्ता द्वारा समाधान पर संतोष व्यक्त किए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय कांधला पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम, अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा, सभासदगण एवं पालिका परिषद के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कार्यालय की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नगर पंचायत एलम कार्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां भी उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं के अंतर्गत संचालित कार्यों की पत्रावलियों का अवलोकन किया तथा बीते माह आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# मुरादाबाद जेल में बंद कैदियों को शिक्षा से जोड़ने की पहल

वेलकम इंडिया

मुरादाबाद जिला कारागार में बंद कैदियों को शिक्षा से जोड़कर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में सराहनीय पहल की जा रही है। इस वर्ष जेल में बंद 5 कैदी यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होंगे। जेल प्रशासन ने इन परीक्षार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक और व्यवस्थागत इंतजाम किए हैं। इस साल जेल से कुल पांच बंदी बोर्ड परीक्षा देंगे, जिनमें एक परीक्षार्थी हाईस्कूल और चार इंटरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होकर मार्च तक चलेंगी। इन बंदियों की परीक्षाएं बरेली सेंट्रल जेल में आयोजित कराई जाएंगी। इसके लिए जेल प्रशासन ने न्यायालय और उच्च अधिकारियों से अनुमति मांगी है। सभी आवश्यक सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारियां की जा रही हैं। जेल प्रशासन के अनुसार, जो बंदी पढ़ाई-लिखाई जारी रखना चाहते हैं, उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिक्षा विभाग के सहयोग से पुरुष और महिला अध्यापकों की सेवाएं ली जा रही हैं, जो नियमित रूप से कैदियों को पढ़ा रहे हैं। निरक्षर बंदियों के लिए ईच वन टीच वन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत शिक्षित बंदियों को अन्य कैदियों को पढ़ाने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित किया जाता है। शिक्षा के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। जेल में कंप्यूटर शिक्षा के चार बैच चलाए जा रहे हैं, जिनमें बंदियों को डिजिटल साक्षरता दी जा रही है। इसके अलावा मोटर वाइंडिंग और अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से भी कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड व कर-करेत्तर राजस्व की समीक्षा बैठक हुई

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (राजस्व से सम्बंधित) की जनवरी माह की मासिक प्र ?गति रिपोर्ट व कर-करेत्तर राजस्व विभाग से सम्बंधित समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी द्वारा उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने एवं भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न होने की चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी महोदय ने खराब रैंक (सी व डी) लाने वाले विभागों से स्पष्टीकरण मांगा व दिये गये लक्ष्यों के सापेक्ष कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि लक्ष्यों के अनुरूप कार्य पूर्ण होने तक सम्बंधित विभागों के वेतन रोकने हेतु निर्दे ?श दियें। जिसमें अवस्थापना व औद्योगिक विकास, आबकारी, आवास, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार, खाद्यय एवं औषधि प्रशासन, खाद्यय एवं रसद, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन, परिवहन, राजस्व, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, लोक शिकायत, वित्त विभागों के सम्बंधित जवाबदेही अधिकारी। कर–करेत्तर की बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि स्टाम्प देय के मांगपत्रों की वसूली हेतु विशेष अभियान चलाया जाये। राजस्व, वाणिज्य कर, वाहन कर, मनोरंजन विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग, व्यापार कर, खनन विभाग, सिंचाई विभाग, मण्डी सहित अन्य विभागों की वसूली कम होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की। इसके साथ ही जिलाधिकारी महोदय ने तीनों तहसीलों में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पेशगार सभी को निर्देशित किया कि वे अपने कोर्ट में लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जब तक लक्ष्य के सापेक्ष लम्बित प्रकरण समाप्त नहीं हो जाते हैं, उक्त किसी को भी अवकाश नहीं दिया जायेगा। अपने दायित्वों को पूर्ण निष्ठा के साथ निभायें, कार्य में शिथिलता बरतने पर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त श्री जंग बहादुर, एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम जे श्रीमती अंजुम बी, एडीएम एल/ए श्री अवनीश, एडीएम सिटी श्री विकास कश्यप सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सरकारी राशन दुकान पर महिलाओं की आपसी मामूली कहा सुनी में 6 माह की प्रेग्नेंट औरत को महिलाओं ने जमकर कूटा

**वेलकम इंडिया,कपिल चौहान**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र अशोक विहार कॉलोनी में सरकारी राशन विक्रेता इमराना पत्नी साजिद सैफी सरकारी राशन विक्रेता के यहां राशन मिलने की लाइन लगी हुई थी, तभी लाइन में लगी एक महिला को वहीं लाइन में खड़ी 5 से 6 महिलाओं ने जमकर पीटा, जिसका सीसीटीवी भी वायरल हो रहा है, वहीं महिला का आरोप है की लाइन में खड़े होने पर किसी बात पर कहा सुनी हो गई जिसमें वहां मौजूद महिलाओं में से एक महिला ने उसकी उसकी जमकर पिटाई कर दी। गौर करने वाली बात यह है कि पीड़िता महिला समा परवीन 6 महीने प्रेग्नेंट है वहीं प्रेग्नेंट महिला के ऊपर पेट पर चढ़कर एक महिला उसे मारती रही, महिला इस बात को बार-बार बताती रही कि मैं पेट से हूं मेरे बच्चे को दिक्कत हो जाएगी लेकिन महिला ने एक न सुनी और जमकर उसे पीटती रही।काफी देर बाद बड़ी मशक्कत से लोगों द्वारा उसे छुड़ाया गया।तब जाकर महिला की जान बची।फिलहाल पीड़िता द्वारा चौकी अशोक विहार में राशन डीलर और अज्ञात महिलाओं के खिलाफ तहरीर दे दी गई है।



# विजय नगर बाईपास पर हर मंगलवार सजती है मानवता की थाली





**वेलकम इंडिया,कपिल चौहान**

**गाजियाबाद।** श्री श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में प्रत्येक मंगलवार को विजयनगर बाईपास पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया। वही इस समिति के संचालक राजू ने बताया कि वह समाज में निस्वार्थ सेवा करने के लिए धार्मिक कामों में हिस्सा लेते हैं।

ऐसा करने से जरूरतमंदों का सहयोग हो जाता है। प्रत्येक मंगलवार को भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया जाता है। अगर प्रभु इच्छा हुई तो इस भंडारे को प्रतिदिन भी किया जाएगा।

# सारे होम्स गुड़गांव में 90वीं त्रिमूर्ति महाशिवरात्रि महोत्सव संपन्न

**वेलकम इंडिया**

**गुड़गांव।** राइजिंग होम्स (पूर्व सारे होम्स) गुड़गांव में स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र पर 90वीं त्रिमूर्ति शिव महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शिव ध्वजारोहन कर भाई-बहनों को प्रतिज्ञा कराई गई। शिव जयंती महोत्सव पर 3000 घरों की सारे होम्स सोसाइटी में शोभायात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर पार्षद शेर सिंह जी, आरडब्ल्यूए प्रेसिडेंट प्रवीण कुमार जी, जीडी इंटरनेशनल के डायरेक्टर सुनील यादव जी. सारे होम्स व आसपास की सोसाइटीयों से कई गणमान्य लोगों ने शिव परमात्मा में अपनी असीम श्रद्धा दिखाते हुए, आपसी शांति, एकता और एक दूसरे पर विश्वास जताते हुए महाशिवरात्रि उत्सव में भाग लेते हुए इसे सफल बनाया। इस मौके पर प्रोमिला बहन ने बताया कि महाशिवरात्रि का महापर्व कई आध्यात्मिक रहस्यों को समेटे हुए हैं। यह पर्व सभी पर्वों में महान और श्रेष्ट है, क्योंकि शिवरात्रि परमात्मा के दिव्य अवतरण का यादगार महापर्व है। उन्होंने आगे भी कहा कि परमपिता शिव और शंकर जी में महान अंतर बताया। और कहा कि शिव जी और शंकर जी में वही अंतर है जो एक पिता-पुत्र में होता है। इस सृष्टि के विनाश कराने के निमित्त परमात्मा ने शंकर जी को रचा। परमपिता परमात्मा शिव 33 करोड़ देवी-देवताओं के भी महादेव एवं समस्त मनुष्यात्माओं के परमपिता हैं। सारी सृष्टि में परमात्मा को छोड़कर सभी देवी-देवताओं का जन्म होता है जबकि परमात्मा का दिव्य अवतरण होता है। वे अजन्मा, अभोक्ता, अकर्ता और ब्रह्मलोक के निवासी हैं। शंकर का आकारी शरीर है। शंकर, परमात्मा शिव की रचना हैं। यही वजह है कि शंकर हमेशा शिवलिंग के सामने तपस्या करते हुए दिखाए जाते हैं।





**शिव कौन हैं ?**

भारत देश 33 करोड़ देवी-देवताओं का देश है। परन्तु इन सभी देवताओं को बनाने वाले एक ही परमपिता परमात्मा शिव है, जिसकी अनेक धर्मों, अनेक रूपों में भले ही पूजा की जाती है परन्तु उसका केन्द्र-बिन्दु परमात्मा शिव के पास ही जाकर समाप्त होता है। विश्व की सभी आत्माओं के परमपिता परमात्मा शिव है। परमात्मा जन्म-मरण से न्यारे है। उनका जन्म नहीं होता बल्कि परकाया प्रवेश होता है। परमपिता शिव अजन्मा हैं, अभोक्ता, ज्ञान के सागर हैं, आनंद के सागर हैं, प्रेम के सागर हैं, सुख के सागर हैं। उनका स्वरूप ज्योतिर्बिन्दु है। परमात्मा शिव परमधाम के निवासी है। शिव का अर्थ ही है 'कल्याणकारी।' परमात्मा शरीरधारी नहीं है। इसका मतलब ये नहीं कि उनका कोई आकार नहीं बल्कि स्थूल आंखों से न दिखने वाला सूक्ष्म ज्योति स्वरूप है। परमात्मा शिव को सभी ग्रंथों, पुराणों और वेदों में भी सर्वोपरि ईश्वर माना गया है।

# सरिया माफिया के खिलाफ गाजियाबाद क्राइम ब्रांच पुलिस ने की करवाई और चार आरोपियों को किया गिरफ्तार




**वेलकम इंडिया,कपिल चौहान**


**गाजियाबाद।** गौतम बुध नगर में रवि कान्हा गैंग पर कार्रवाई के बाद गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच में सरिया माफिया के खिलाफ कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक बार फिर सरिया माफिया से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से तीन ट्रैकों में भरा हुआ चोरी का सरिया भी बरामद किया है। इनसे बरामद सरिया की कीमत लगभग 27 लाख रुपए है। वहीं पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश में इस समय लगी हुई है।

# वेलकम इंडिया




















विनोद यादव व लव यादव के भतीजे की सगाई समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ श्वेता यादव स्वर्गीय संजय यादव के सुपुत्र लकी यादव की सगाई , सगाई समारोह में गाजियाबाद नोएडा समेत दिल्ली एनसीआर के सभी प्रशासनिक अधिकारियों, राजनीतिक व प्रतिष्ठित खिलाड़ियों ने शिरकत की।

# 22 फरवरी 2026 को होगा मेगा/वृहद विधिक सेवा व जागरूकता अभियान कैम्प का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** दिनांक 22.02.2026 को होने वाले मेगा/वृहद विधिक सेवा व जागरूकता अभियान कैम्प के आयोजन के उपलक्ष में जनपद न्यायालय गाजियाबाद के सभागार में एक बैठक आहूत हुई, जिसमें अध्यक्ष/विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट श्री नीरज गौतम , सदस्य/ अपर जिला जज कोर्ट संख्या -2 श्री गौरव शर्मा व सदस्य/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजय सिंह -द्वितीय, एडीएम सिटी श्री विकास कश्यप, आईएएस अयान जैन रहे।

बैठक में कैम्प की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं जनसहभागिता बढ़ाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन, विशेषकर गरीब, कमजोर एवं वंचित वर्ग के व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है। शिविर का उद्देश्य आमजन, विशेषकर गरीब, कमजोर एवं वंचित वर्ग के व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है। शिविर में नागरिकों को निःशुल्क विधिक परामर्श, लोक अदालत के माध्यम से विवाद निस्तारण की जानकारी, आवेदन/प्रार्थना पत्र लेखन में सहायता, पीड़ित प्रतिकर योजना संबंधी मार्गदर्शन तथा महिला, बालक, वरिष्ठ नागरिक एवं श्रमिकों से संबंधित कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी देंगे तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आवेदन स्वीकार करेंगे। आमजन से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह शिविर समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों तक न्याय एवं सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# एडीएम सिटी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय कमेटी बैठक हुई

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी महोदय श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के निर्देशन पर अपर जिलाधिकारी (नगर) महोदय, श्री विकास कश्यप की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, गाजियाबाद की जिला स्तरीय कमेटी बैठक महात्मा गाँधी, कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के निमित खाद्य पदार्थो विशेष कर खोया, पनीर एवं अन्य दुग्ध उत्पाद तथा नमकीन, पापड़, मैदा पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही के निर्देश दिये गये। साथ ही विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर खाद्य लाइसेन्स / पंजीकरण के वृद्धि के निर्देश दिये गये, जिन खाद्य कारोबारकताओं के वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख रुपए से अधिक हो उनका पंजीकरण से लाइसेन्स में परिवर्तन के निर्देश दिये गये। व्यापार मण्डल मोदीनगर के सदस्यों द्वारा मोदीनगर कस्बे में लाइसेन्स एवं पंजीकरण कैम्प लगाने हेतु आग्रह किया गया जिसपर अपर जिलाधिकारी (नगर) महोदय, गाजियाबाद द्वारा होली पर्व के पश्चात कैम्प लगाने हेतु निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी (नगर) महोदय द्वारा आर.सी की वसूली के लिए सम्बन्धित तहसील के तहसीलदारों से समन्वय स्थापित कर वसूली के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये। अपर जिलाधिकारी (नगर) महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि खाद्य सुरक्षा आने वाले दिनों में एक चुनौती है जिसे मार्केटिंग एवं पैकेजिंग एवं बिक्री के स्तर पर सतर्क, सावधान एवं सचेत रहते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है।